दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 204 जयपुर, मंगलवार, 04 जुलाई, 2023 | श्रावण, कृष्ण पक्ष- प्रतिपदा, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### कांग्रेस इस माह करेगी बूथ सम्मेलन, राहुल व खरगे आएंगे



**जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस इसी माह अपने बूथ, मंडल और ब्लॉक अध्यक्षों का सम्मेलन करेगी। सम्मेलन में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी शिरकत करेंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार यह सम्मेलन जुलाई के तीसरे सप्ताह तक हो सकता है। इसमें 11,000 ग्राम पंचायत सहित 55,000 अध्यक्षों को आमंत्रित किया जाएगा। सम्मेलन से पहले पीसीसी इन अध्यक्षों के लिए अलग से विशेष आई कार्ड जारी करेगी। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यह सम्मेलन विशेष महत्व वाला माना जा रहा है।

### पूर्व डीजी नवदीप सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**जयपुर।** राजस्थान पुलिस के रिटायर्ड डीजी नवदीप सिंह के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज हुई है। इस बार मामला जयपुर ग्रामीण के रायसर थाने में जमीन विवाद को लेकर दर्ज हुआ है। जिसकी जांच जमवारामगढ़ सीओ शिव कुमार भारद्वाज कर रहे हैं। परिवादी ने खेत में महिलाओं के धक्का देने, बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी देने, जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने और मारपीट का आरोप लगाया हैं। इसमें नवदीप सिंह, उनकी पत्नी परम नवदीप, शंकर लाल गुर्जर, राजू जयचंदपुरा व अन्य को नामजद किया है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए

+91 96640 14179
+91 97830 45155

पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में प्रगति मैदान में नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष में हुई आयोजित

# अगले नौ महीनों में जनता तक पहुंचाएं नौ वर्ष के कार्य: PM

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल की अटकलों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक राजधानी स्थित प्रगति मैदान में नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष में हुई।

बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, "मंत्रिपरिषद के साथ एक सार्थक बैठक, जहां हमने विभिन्न नीतिगत मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।" उन्होंने बैठक से जुड़ी तस्वीरें भी साझा कीं। सूत्रों से मिली



जानकारी के मुताबिक, राजधानी स्थित प्रगति मैदान के नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष में हुई इस बैठक में प्रधानमंत्री ने अपने मंत्रिपरिषद के सदस्यों से अगले नौ महीनों में लोगों को केंद्र सरकार के कार्यों के बारे में जानकारी देने के लिए हरसंभव प्रयास करने को कहा। सितंबर में जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन इसी सम्मेलन कक्ष में किया जाएगा। इस विषय में भी बैठक में चर्चा हुई।

### आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति पर की गई चर्चा

सूत्रों के मुताबिक बैठक में 2024 के आगामी लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति पर भी चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2021 में आखिरी बार अपनी मंत्रिपरिषद में फेरबदल और विस्तार किया था। इसके बाद उन्होंने कुछ एक मौकों पर कुछ मंत्रियों के विभागों में बदलाव किया था। वर्ष 2021 के मंत्रिपरिषद में फेरबदल और विस्तार के तहत मोदी ने 36 नए चेहरों को जगह दी थी, जबकि 12 तत्कालीन मंत्रियों की पद से छुट्टी कर दी थी। जिन मंत्रियों की छुट्टी की गई थी, उनमें डीवी सदानंद गौड़ा, रविशंकर प्रसाद, रमेश पोखरियाल निशंक, प्रकाश जावड़ेकर, संतोष गंगवार, बाबुल सुप्रियो और हर्षवर्धन प्रमुख थे।

### कुछ मंत्री जा सकते हैं संगठन में, कुछ नए बन सकते हैं मंत्री

सूत्रों का कहना है कि आगामी चुनावों के मद्देनजर इस बार के मंत्रिपरिषद विस्तार में सरकार और संगठन के बीच तालमेल बिठाने के प्रयास के तहत कुछ कैबिनेट मंत्रियों को संगठन में जगह दी सकती है और संगठन के कुछ प्रमुख चेहरों को सरकार में शामिल किया जा सकता है। इस सिलसिले में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने कई बैठकें की। इन बैठकों में मुख्य रूप से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा के संगठन महामंत्री बीएल संतोष शामिल रहे हैं। इन तीनों नेताओं ने गत 28 जून को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी। इन बैठकों व मुलाकातों के बाद मंत्रिपरिषद में फेरबदल की अटकलों को बल मिला है।

**6 लाख लाभार्थियों के खाते में डाले 147 करोड़, बोले CM...**

# अंतिम सांस तक करूंगा प्रदेशवासियों की सेवा

## राजनीतिक विरोधियों पर फिर सीएम गहलोत का पलटवार

**वसुंधरा राजे कहती हैं हम योजनाएं बंद करते हैं, हम तो उसकी राशि बढ़ा रहे हैं** | **पालनहार लाभार्थी बालिका से मुख्यमंत्री गहलोत ने ली जिला कलेक्टर की रिपोर्ट**

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि "मुझे छल्ला लग गया, निमोनिया हो गया और अब दोनों पैर में फ्रैक्चर भी हो गए, लेकिन मैं अंतिम सांस तक प्रदेशवासियों की सेवा करता रहूंगा। गहलोत ने कहा, "मेरे दोनों पैरों में चोट लगने के बाद मैं डॉक्टरों की सलाह से आज इस संवाद कार्यक्रम में आया हूं। यहां बच्चों के बीच आकर मुझे काफी अच्छा लग रहा है।"

उन्होंने बताया कि मेरे दोनों पैरों में चोट लग गई, जिसके पीछे भी मैं ये मानता हूं कि भगवान यही चाहता होगा कि मैं थोड़े दिन आराम करूं। जिस तरह से पिछले कई दिनों से मैं बिना आराम किए लगातार दौरे कर रहा था तो भगवान ने चाहा होगा कि अब थोड़ा आराम करूं।"

### मुख्यमंत्री गहलोत ने संबोधन के दौरान एक शेर सुनाया...

**'न पूछो मेरी मंजिल कहां है,**
**अभी तो सफर का इरादा किया है,**
**ना हारूंगा हौसला उम्र भर,**
**ये मैंने किसी से नहीं,**
**खुद से वादा किया है।'**

मुख्यमंत्री गहलोत ने सोमवार को पालनहार योजना के तहत हुए संवाद कार्यक्रम में प्रदेश के 5.91 लाख से अधिक पालनहार लाभार्थियों के बैंक खातों में 146.74 करोड़ रुपए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से हस्तांतरित किए।




### सीएम गहलोत ने पूर्व सीएम राजे के आरोप पर दिया यह जवाब...

संवाद के दौरान गहलोत ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे कहती हैं कि हम भाजपा की योजनाओं का बंद कर देते हैं, लेकिन आज उन्हीं की पालनहार योजना के लाभार्थियों की राशि बढाकर उन्हें राहत दी जा रही है। हमने किसी भी योजना को बंद नहीं किया है। उन्होंने वसुंधरा राजे की रविवार को लगाए उस आरोप का जवाब दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस सरकार भाजपा की योजनाओं का नाम परिवर्तन कर रही है या बंद कर रही है।

### मुख्यमंत्री बोले... सामाजिक सुरक्षा कानून लागू करें प्रधानमंत्री मोदी

गहलोत ने कहा कि पूर्ववर्ती केंद्र सरकार ने खाद्य, रोजगार, शिक्षा और सूचना का अधिकार के कानून पूरे देश में एक समान लागू किए। उसी तरह हमने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत न्यूनतम एक हजार रुपए का प्रावधान किया है। अब केंद्र सरकार भी पूरे देश में सामाजिक सुरक्षा कानून लागू कर जरूरतमंदों को आर्थिक संबल प्रदान करे। हमने स्वास्थ्य के अधिकार से प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी ली है, इसे और मजबूत करेंगे।

### बच्ची बोली... कलेक्टर का काम फिलहाल तो ठीक है

मुख्यमंत्री गहलोत ने विभिन्न जिलों के बच्चों से उनके भविष्य को लेकर संवाद किया। उन्होंने कहा कि आपके सपनों को पूरा करने में सरकार कोई कमी नहीं रखेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उदयपुर में लाभार्थी बच्ची से बात करते हुए कहा कि कलेक्टर बनना चाहती हो तो अपने जिले के कलेक्टर को जानती हो, आपके कलेक्टर कैसा काम कर रहे हैं? इस पर बच्ची ने कहा, 'फिलहाल तो ठीक है।'

**बदला मौसम: बढ़ी उमस की चिपचिपाहट और पसीना**

# बारिश थमी, पारा चढ़ा... 5 जगह 40 डिग्री पार

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेशभर में मानसून की गतिविधियां कम होते ही सोमवार को 5 जगहों का तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। राजधानी सहित करीब एक दर्जन जगहों पर हल्की बारिश भी हुई। इनमें सबसे अधिक वर्षा सीकर के फतेहपुर में 28.5 एमएम दर्ज की गई।

प्रदेश में सोमवार को अधिकतर स्थानों पर तापमान बढ़ने से आमजन गर्मी और उमस से परेशान नजर आ रहे थे। राजधानी में सुबह के समय 21.4 एमएम बारिश हुई। इसके बाद दिनभर तापमान में बढ़त दर्ज की गई। बरसात के बाद यहां दिन में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे लोग देर शाम तक तेज गर्मी और उमस से परेशान नजर आए।




### सर्वाधिक टेम्प्रेचर श्रीगंगानगर में 41.4°

जयपुर के ग्रामीण इलाकों में शाम को हल्की बारिश तो हुई, लेकिन वातावरण में उमस का शुमार रहा। जहां तक तापमान का सवाल है, प्रदेश में सर्वाधिक टेम्प्रेचर श्रीगंगानगर में 41.4 डिग्री रहा, जबकि बीकानेर में 40.8 डिग्री, जैसलमेर में 40.4 डिग्री, जोधपुर के फलौदी में 40.2 डिग्री और सांगरिया स्टेशन तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र, जयपुर के अनुसार मंगलवार के लिए बारिश संबंधी कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। वहीं, बुधवार को नौ स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**मानसिक रोगियों को बड़ी सौगात...**

## राज्य सरकार ने किया राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण का गठन

**बेधड़क** | जयपुर

मानसिक रोगियों की देखभाल के लिए राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश में राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण का गठन कर दिया गया है। इसके लिए गजट नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। प्राधिकरण का गठन मानसिक स्वास्थ्य देखरेख अधिनियम-2017 एवं राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण नियम-2018 की पालना में किया गया है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग शुभ्रा सिंह ने बताया कि शीघ्र ही मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण की बैठक आयोजित कर राज्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी नियम और उपनियम बनाए जाएंगे। साथ ही, मानसिक स्वास्थ्य बोर्ड भी गठित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में मानसिक रोगियों के अधिकारों संबंधी नियमावली भी निर्धारित की जाएगी। प्राधिकरण में अतिरिक्त मुख्य सचिव अध्यक्ष, मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक जनस्वास्थ्य को सदस्य सचिव के रूप में नामित किया गया है।

### फेमा में दर्ज मामले में ईडी में पेश हुए अनिल अंबानी



**मुंबई।** रिलायंस एडीए समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन से जुड़ी जांच के सिलसिले में सोमवार को यहां ईडी में पेश हुए और अपना बयान दर्ज कराया। अंबानी ने दक्षिण मुंबई स्थित ईडी कार्यालय में अपना बयान दर्ज कराया। सूत्रों ने बताया कि 'फेमा' की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक नए मामले में अंबानी का बयान दर्ज किया गया है। अंबानी, शाम करीब छह बजे ईडी दफ्तर से बाहर आए।


**विधानसभा सत्र 14 से!**

# पेंडिंग विधेयकों को पारित कराना होगा गहलोत सरकार के लिए टेढ़ी खीर

- पांच बिल पहले से लंबित, इनमें से दो राज्यपाल द्वारा लौटाए गए
- इस सत्र के संक्षिप्त और हंगामेदार सत्र रहने की संभावना
- सत्र के दूसरे दिन सेमिनार में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू होंगी मुख्य वक्ता

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार ने विधानसभा का सत्र 14 जुलाई से बुलाने की तैयारी कर ली है। आने वाला सत्र करीब एक सप्ताह चलने की संभावना है। गहलोत सरकार के इस कार्यकाल का यह अंतिम सत्र माना जा रहा है। सरकार ने जनवरी में शुरू हुए बजट सत्र का सत्रावसान अभी तक नहीं किया है। इसलिए आने वाला विधानसभा का सत्र बजट सत्र ही माना जाएगा। सत्र के दौरान 15 जुलाई को एक सेमिनार भी रखा गया है। इसमें बतौर मुख्य वक्ता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को



आमंत्रित किया गया है। सरकार ने जनवरी में बुलाए गए बजट सत्र में सरकार ने 21 मार्च को विधानसभा की कार्यवाही स्थगित की थी। अब सरकार इस सत्र को दोबारा बुलाने जारी रही है।

### सत्र पर चढ़ा दिखेगा चुनावी रंग...

विधानसभा का आने वाला यह सत्र संक्षिप्त और हंगामेदार रहने की संभावना है। सत्र पर चुनावी रंग चढ़ा दिखेगा और विपक्ष सरकार को घेरने का प्रयास करेगा। विपक्ष किसान कर्ज माफी, बेरोजगारी भत्ता, पेपर लीक प्रकरण समेत भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरने का प्रयास करेगी। वहीं सरकार की तरफ से कांग्रेस महंगाई, ईआरसीपी, केन्द्रीय जांच एजेंसी के दुरुपयोग को लेकर भाजपा पर हमला बोलेंगी।

### दो बिल संशोधित रूप में होंगे पेश

संक्षिप्त माने जाने वाले इस सत्र में सरकार के लिए पेंडिंग चल रहे बिलों सहित राज्यपाल द्वारा लौटाए गए विधेयकों को भी फिर से सदन में रख कर पारित करवाना टेढ़ी खीर होगी। राज्यपाल ने चार विधेयक लौटाए हैं। इनमें से दो को तो सरकार ठंडे बस्ते में डाल चुकी है। लेकिन राज्यपाल की तरफ से राजस्थान विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण संशोधन विधेयक, 2022 और हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर संशोधन विधेयक, 2022 को आपत्ति दर्ज करवाते हुए सरकार को लौटाया गया था।

### नए विधेयक भी कराए जा सकते हैं पारित

इस सत्र में सरकार इनके अलावा भी दो-तीन नए विधेयक पारित करवा सकती है। पेंडिंग बिलों में महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज विधेयक-2023, राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल संस्थान विधेयक-2023, राजस्थान कारागार विधेयक-2023, राजस्थान संगठित अपराध का नियंत्रण विधेयक-2023 और राजस्थान विश्वविद्यालय के अध्यापकों, अस्थाई अध्यापकों का आमेलन संशोधन विधेयक-2023 शामिल है।

### राष्ट्रपति जा सकती हैं खाटू श्यामजी

राजस्थान विधानसभा के सेमिनार में भाग लेने के लिए राष्ट्रपति का दौरा अभी तक अंतिम रूप से प्रशासन को नहीं मिला है। अलबत्ता, प्रारंभिक जानकारी के हिसाब से प्रशासन ने दौरे की तैयारी शुरू कर दी है। राष्ट्रपति मुर्मू का खाटू श्यामजी में भी दर्शन का कार्यक्रम बताया जा रहा है। इसे लेकर खाटू श्यामजी में प्रशासन ने भी तैयारी शुरू कर दी है।

## जरूरी खबर

### कुलपति देवस्वरूप ने की राज्यपाल मिश्र से भेंट



**जयपुर।** बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय, जयपुर के नवनियुक्त कुलपति डॉ.देव स्वरूप ने सोमवार को राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कुलपति देवस्वरूप ने राज्यपाल को अपनी पुस्तक 'कास्ट, जेंडर एंड डेवलपमेंट' की प्रति भी भेंट की। मुलाकात के दौरान आगामी शैक्षणिक सत्र को शुरू करने को लेकर चर्चा हुई।

### वंचित पटवारियों का प्रशिक्षण 10 जुलाई से

**जयपुर।** सीधी भर्ती पटवारी प्रतियोगी परीक्षा-2021 में अंतिम रूप से चयनित एवं प्रशिक्षण से वंचित रहे शेष अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण 10 जुलाई से राज्य के विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों पर शुरू होगा। 6 माह के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में परीक्षा में चयनितों के अतिरिक्त अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कार्मिक एवं अन्य कारण से पटवार प्रशिक्षण से वंचित रहे कार्मिक भी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रदेश के 6 स्थायी पटवार प्रशिक्षण विद्यालयों एवं टोंक के सर्व उद्देश्यीय राजस्व प्रशिक्षणालय में 600 कार्मिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। वहीं नायब तहसीलदार सीधी भर्ती विभागीय पूरक परीक्षा 6 व 7 जुलाई को अजमेर में आयोजित होगी। 6 जुलाई को प्रथम विषय और 7 जुलाई को द्वितीय विषय की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी।

### पुलिस महकमे में फेरबदल, 69 इंस्पेक्टर इधर-उधर




**जयपुर।** विधानसभा चुनावों से पूर्व प्रशासनिक प्रशासनिक फेरबदल की शुरुआत हो गई है। चुनावी साल के चलते चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पुलिस मुख्यालय ने तबादले शुरू कर दिए है। इस संबंध में सोमवार को एडीजी कार्मिक संजीव नार्जरी ने आदेश जारी कर 69 इंस्पेक्टर्स को इधर-उधर किया है। जिनमें जयपुर व जोधपुर कमिश्नरेट के 22 व 21 इंस्पेक्टर बदले गए हैं। आदेशानुसार जोधपुर कमिश्नरेट, जयपुर रेंज, भरतपुर रेंज, एसीबी, अजमेर रेंज, कोटा रेंज, बीकानेर व जीआरपी से 43 इंस्पेक्टर को जयपुर कमिश्नरेट में लगाया है।

---

**महिला अत्याचार व उत्पीड़न को** लेकर सीएम आवास का घेराव कल, कार्यकर्ताओं को दिखाई डॉक्यूमेंट्री

# थाली-चम्मच लेकर सड़कों पर उतरेगी भाजपा महिला मोर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में महिला अत्याचार और उत्पीड़न को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता थाली नाद के साथ बुधवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगी।

इस आंदोलन में शामिल होने के लिए राज्य के हर जिले से महिलाओं को आमंत्रण दिया गया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी भी इस प्रदर्शन में मौजूद रहेंगे। प्रदेश में लगातार बढ़ रहे दुष्कर्म और महिला उत्पीड़न के मामलों को लेकर सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता की गई। इस दौरान राज्य सरकार के साढ़े चार साल के शासन काल में




प्रदेश में महिला उत्पीड़न की तमाम घटनाओं पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। इससे पहले प्रदर्शन को लेकर पोस्टर विमोचन व आक्रोश पर वीडियो और ऑडियो रिलीज किया गया। भाजपा सांसद व प्रदेश महामंत्री दीया कुमारी ने आंदोलन की रूपरेखा को लेकर बताया कि महिलाएं भाजपा प्रदेश कार्यालय में एकत्रित होंगी। इस दौरान कार्यालय में ही एक बैठक का आयोजन होगा। इसके बाद सभी महिलाएं थाली नाद के साथ राज्य सरकार को जगाने के लिए मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करेंगी। दीया ने कहा कि कांग्रेस सरकार के इन साढ़े चार सालों में दुष्कर्म और महिला उत्पीड़न के मामलों में 46 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। महिला उत्पीड़न के मामलों में राजस्थान देश में नंबर एक पायदान पर पहुंच गया है।

जिस प्रदेश में महिलाओं के सम्मान के लिए रानी पद्मिनी और मां पन्नाधाय ने बलिदान दिया, उस प्रदेश में महिलाओं की यह स्थिति शर्मसार करती है। प्रेसवार्ता में महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा, प्रदेशाध्यक्ष अल्का मूंदड़ा, ग्रेटर नगर निगम महापौर सौम्या गुर्जर, जिला प्रमुख रमा चौपड़ा और मीडिया संपर्क प्रमुख आनन्द शर्मा मौजूद रहे।

### सरकार को जगाएंगी महिला कार्यकर्ता

सांसद जसकौर मीणा ने दौसा भाजपा कार्यालय से सोमवार को कहा कि महिलाओं के प्रति कांग्रेस संवेदनशील नहीं है। कांग्रेस के विधायक हो या मंत्री, उनके परिजन ही दुष्कर्मी निकलते हैं। सांसद ने कहा कि कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार महिलाओं के खिलाफ शुरू से ही असंवेदनशील थी। महिलाओं के प्रति कांग्रेस सरकार का जो रवैया रहा है, उससे न तो महिलाओं को सम्मान मिला और ना ही सुरक्षा। राज्य की कांग्रेस सरकार को विदा करने के लिए अब महिलाओं को आगे आना होगा। इसके लिए 5 जुलाई को थाली-चम्मच लेकर और काली पट्टी बांधकर महिलाएं जयपुर पहुंचेंगी। इस प्रदर्शन के जरिए भाजपा महिला सरकार को जगाने का काम करेंगी। राजस्थान के हर जिले से महिला कार्यकर्ता



जयपुर पहुंचकर सरकार की अंतिम सांस को तोड़ने का प्रयास करेंगी। प्रदेश में महिला उत्पीड़न चरम पर है। महिला उत्पीड़न के 10 हजार से भी ज्यादा के सामने आ चुके हैं। रोजाना महिला उत्पीड़न के 17 केस सामने आ रहे हैं। इन मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

---

**पालनहार लाभार्थी संवाद** कार्यक्रम आयोजित

# बच्चों के सपने साकार करना हम सभी का दायित्व: गहलोत

**सहायता राशि बढ़ाने से सरकार पर पड़ेगा लगभग 300 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार**

■ सीएम ने कहा- बच्चे बड़े होकर प्रदेश, देश की उन्नति में देंगे योगदान

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि पालनहार योजना एक अभिनव पहल है। इसे हम और मजबूत बना रहे हैं। हम सभी की जिम्मेदारी है कि एक भी पात्र बच्चा योजना से वंचित नहीं रहे। उन्होंने लाभार्थियों से संवाद में कहा कि बच्चों के उज्वल भविष्य और सुनहरे सपनों को साकार करने की हम सभी की जिम्मेदारी है। राज्य सरकार इसमें पूरा सहयोग करेगी।

उन्होंने कहा कि आमजन बच्चों को महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में पढ़ाए। मुख्यमंत्री अनुप्रति निःशुल्क कोचिंग योजना में तैयारी कराकर उन्हें आगे बढ़ाए। राज्य सरकार द्वारा राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना के जरिए होनहार बच्चों को विदेश में अध्ययन करने के लिए भेजा जा रहा है।

गहलोत ने मुख्यमंत्री निवास पर राज्य स्तरीय लाभार्थी संवाद समारोह में कहा कि विभिन्न श्रेणियों में लाभार्थियों को सहायता पहुंचाई जा रही है। सहायता राशि बढ़ाने से लगभग 300 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा। इससे परिवार में ही बच्चों की समुचित देखरेख, संरक्षण एवं शिक्षा सुनिश्चित हो रही है।

ये बच्चे बड़े होकर प्रदेश और देश की उन्नति में अपना अहम योगदान देंगे। पालनहार योजना में अनाथ बच्चे, न्यायिक प्रक्रिया से मृत्यु दण्ड, आजीवन कारावास प्राप्त माता-पिता के बच्चे, पेंशन प्राप्त कर रही विधवा माता के बच्चे, पुनर्विवाहित विधवा माता के बच्चे, एच.आई.वी.एड्स से पीड़ित माता-पिता के बच्चे, कुष्ठ रोग से पीड़ित माता-पिता के बच्चे, नाता जाने वाली माता के बच्चे, विशेष योग्यजन माता-पिता के बच्चे, पेंशन प्राप्त कर रही तलाकशुदा अथवा परित्यक्ता महिला के बच्चे, सिलिकोसिस पीड़ित माता-पिता के बच्चों को सरकारी सहायता दी जाएगी। राज्य सरकार की बजट घोषणा 2023-24 के अनुसार पालनहार योजना में अनाथ श्रेणी के अतिरिक्त अन्य श्रेणी के 0 से 6 वर्ष उम्र के बच्चों के लिए 750 रुपए प्रतिमाह और 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए 1500 रुपए प्रतिमाह सहायता राशि दी गई। साथ ही कपड़े, स्वेटर, जूते आदि के लिए हर वर्ष 2000 रुपए अतिरिक्त दिए जा रहे है।



### खेल प्रतिभाओं को मिल रहे अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा है कि राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक खेल-2023 के आयोजन से प्रदेश के युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह पैदा होगा। राज्य सरकार द्वारा खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। सीएम ने मुख्यमंत्री निवास पर राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक खेल-2023 के प्रति जन जागरूकता फैलाने के लिए 10 वाहनों को हरी झंडी दिखाई। ये वाहन कला जत्थों के साथ प्रदेश के सभी ब्लॉक एवं विधानसभा क्षेत्र में जाकर खेल के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर खेलों के आयोजन से सम्बन्धित मशाल को पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी मालती चौहान को सौंपकर रवाना किया। वहीं गहलोत ने प्रतिभागियों को दी जाने वाली टी-शर्ट, मेडल्स का विमोचन भी किया।

---

**विद्यार्थियों के लिए** मुख्यमंत्री के फैसले

# निशुल्क यूनिफॉर्म के लिए 230 करोड़ रुपए स्वीकृत

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजकीय विद्यालयों के कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को निशुल्क स्कूल यूनिफॉर्म उपलब्ध करवाने के लिए 230 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। वर्ष 2023 के बजट में गहलोत ने समस्त राजकीय विद्यालयों के कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को निशुल्क यूनिफॉर्म दिए जाने की घोषणा की थी।

गहलोत ने एक अन्य निर्णय में आंगनबाड़ी केन्द्रों के विकास व नए भवनों के लिए निर्माण के लिए 22.40 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस राशि में से 13.40 करोड़ रुपए आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल उपलब्ध करवाने तथा अन्य विकास कार्यों के लिए स्वीकृत किए गए हैं। वहीं 9 करोड़ रुपए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण पर खर्च किए जाएंगे।

### संग्रहालय के लिए 27 नए पदों के सृजन को मंजूरी

गहलोत ने सवाई मानसिंह टाउन हॉल संग्रहालय, जयपुर के संचालन के लिए 27 पए पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। संग्रहालय के संचालन के लिए संग्रहाध्यक्ष तथा लिपिक ग्रेड-प्रथम के दो-दो, लिपिक ग्रेड-द्वितीय के 3 एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के 20 पद सहित कुल 27 पदों को सृजन किया जाएगा। नए पदों के सृजन से संग्रहालय का उत्कृष्ट विकास एवं रख-रखाव हो सकेगा।

## मेड़ता सिटी सीओ एपीओ

**बेधड़क** | जयपुर

गृह विभाग ने सोमवार को एक आदेश जारी करते हुए नागौर के मेड़ता सिटी सीओ नरेश कुमार मीना को एपीओ कर दिया। इस दौरान सीओ नरेश कुमार मीना का मुख्यालय डीजीपी कार्यालय रखा गया है। एक विभागीय जांच प्रस्तावित होने के कारण इन्हें एपीओ किया गया है।

---

**घोषणा पत्र में** किया वादा भूली सरकार

# कर्मचारी संगठन ने की खेमराज कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग

**बेधड़क** | जयपुर

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) ने सोमवार को मुख्यमंत्री से कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए राज्य सरकार की परीक्षणाधीन सामंत कमेटी और खेमराज कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है।

महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि कांग्रेस के जन घोषणा पत्र-2018 में राज्य कर्मचारियों से वेतन विसंगतियों को दूर करने का वादा किया था,



लेकिन साढ़े चार साल के बाद भी वेतन विसंगतियों को दूर नहीं किया है।

गौरतलब है कि कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए 3 नवंबर 2017 को डी.सी. सामंत की अध्यक्षता में वेतन विसंगति निवारण समिति का गठन हुआ था। जिसकी रिपोर्ट राज्य सरकार को 5 अगस्त 2019 को सौंप दी गई थी। राठौड़ ने कहा कि जहां सामंत कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की आवश्यकता थी। वहां सरकार ने 5 अगस्त 2021 को खेमराज चौधरी की अध्यक्षता में वेतन विसंगति परीक्षण समिति के नाम से एक और कमेटी का गठन कर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों कमेटियों की रिपोर्ट राज्य सरकार के पास होने के बावजूद इसे सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है।

### यह हैं प्रमुख मांगें

महासंघ ने खेमराज कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने, चयनित वेतनमान एसीपी का परिलाभ 9, 18 व 27 वर्ष के स्थान पर 8, 16, 24 व 32 वर्ष पर पदोन्नति पद के समान करने, संविदा कर्मियों एवं यूटीबी सहित अन्य सभी अस्थाई कर्मचारियों को नियमित नियुक्ति प्रदान करने सहित 12 सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।

---

**उत्तर पश्चिम रेलवे** मजदूर संघ का सम्मेलन आयोजित

# जयपुर मंडल की बैठक में रेलवे कर्मचारियों के कई मुद्दों पर चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ जयपुर मंडल की डिविजनल काउंसिल मीटिंग सोमवार को गणपति नगर के अरावली क्लब में आयोजित हुई।

वहीं जयपुर मंडल मंत्री रामकिशोर मीणा को सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के जोनल अध्यक्ष विनोद मेहता व मंडल रेल प्रबंधक नरेंद्र रहे। मीटिंग में पुरानी पेंशन



योजना बहाली, टेक्निकल ट्रेड की 2400 ग्रेड पे को 2800 ग्रेड में जल्द से जल्द विलय करने, कैरिज एव वैगन विभाग में अनैतिक चार्जशीटों, कर्मचारियों की पदोन्नति में हो रहे विलम्ब, रेलवे आवासों की दुर्दशा, रेलवे कॉलोनी में हो रही चोरियां, कर्मचारियों पर बढ़ रहा कार्यभार सहित कई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

---

**राजस्थान पर फोकस, प्रधानमंत्री 8 जुलाई को प्रदेश के दौरे पर**

# बीकानेर में 25 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे पीएम

■ 10 माह में सातवीं बार राजस्थान आएंगे नरेंद्र मोदी

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा और लोकसभा चुनावों से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राजस्थान पर फोकस है। यहीं कारण है 10 महीने में पीएम सातवीं बार राजस्थान आएंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आठ जुलाई को बीकानेर में कार्यक्रम प्रस्तावित है, जहां वह 25 हजार करोड़ से ज्यादा की संरचनाओं और प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगे। वहीं अनुमान लगाया जा रहा है कि पीएम इसी दिन करीब दो लाख लोगों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे और जनसभा की तैयारी को लेकर सोमवार को नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ बीकानेर पहुंचे। राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों के सिलसिले में वह बीकानेर आए हैं। वहीं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी भी बीकानेर दौरे पर रहे। जोशी ने प्रधानमंत्री की जनसभा की तैयारियों को लेकर बीकानेर संभाग भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने लालेश्वर महादेव और नगर सेठ लक्ष्मीनाथ मंदिर में दर्शन किए और नौरंगदेसर में सभा स्थल का जायजा लिया।




### प्रधानमंत्री को सुनने और देखने के लिए लोग आतुर

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि मोदी को सुनने और देखने के लिए लोग आतुर बैठे हैं। हमारा लक्ष्य है रिकॉर्ड लोग बीकानेर संभाग की इस जनसभा में आएंगे। बीकानेर संभाग की यह अब तक की सबसे बड़ी सभा होगी। इसके लिए सांसद, विधायक, जिला पदाधिकारी, पूर्व जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, प्रधान, उपप्रधान, पार्षदों को घर-घर जाकर निमंत्रण देंगे।

### मोदी के दस माह में राजस्थान दौरे

- 30 सितंबर 2022 को अम्बा माता के दर्शन करने आबूरोड आए
- 01 नवंबर 2022 को बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम में जनसभा की
- 08 जनवरी 2023 को भीलवाड़ा में देव देवनारायण जयंती पर सभा
- 12 फरवरी 2023 को दौसा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन के मौके पर आए और जनसभा की
- 10 मई 2023 को नाथद्वारा और आबूरोड में बड़ी जनसभाओं को संबोधित किया
- 31 मई 2023 को अजमेर में बीजेपी के महाजनसंपर्क अभियान की शुरुआत की
- 08 जुलाई को पीएम का बीकानरे दौरा प्रस्तावित

### ऐतिहासिक होगी जनसभा: जोशी

प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने कहा कि मोदी की यह जनसभा ऐतिहासिक होगी। बीकानेर में इसे लेकर जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंनें कार्यकर्ताओं से कहा कि जब आप प्रधानमंत्री की योजनाओं को लेकर अपने मंडल, पंचायत, बूथ पर निमंत्रण देने जाओगे और वहां बताओगे कि बीकानेर में 25 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास होने वाला है, जिसका लाभ गांव, ढाणी में बैठे अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मिलेगा तो मेरा दावा है ये बात जो भी सुनेगा अपने आपको इस सभा में आने से रोक नहीं पाएगा।

## जरूरी खबर

### टोबैको फ्री यूथ कैंपेन को लेकर बैठक आयोजित



**जयपुर।** प्रदेश सरकार की ओर से चलाए जा रहे 60 दिवसीय टोबैको फ्री यूथ कैंपेन के अंतर्गत सोमवार को जागरूकता प्रोग्राम हुआ। इसके तहत आयुक्तालय फूड सेफ्टी एवं औषधि नियंत्रण के तत्वावधान में औषधि नियंत्रण विंग के अधिकारियों द्वारा फिल्म कॉलोनी में दवा संचालकों के साथ बैठक की। जहां अधिकारियों ने तंबाकू के इस्तेमाल से हो रहे दुष्प्रभावों पर विस्तृत चर्चा कर सभी को जागृत किया गया तथा अभियान में सहभागिता निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक में विशेष रूप से युवा पीढ़ी को तंबाकू उत्पादों से दूर करने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में सहायक औषधि नियंत्रक अनिल अग्रवाल, सुभाष चंद्र मुटनेजा तथा राकेश वर्मा एवं कई औषधि नियंत्रण अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### सात मंजिला बिल्डिंग में अवैध सेट बैक तोड़ा

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से सोमवार को जोन 5 में महारानी फार्म दुर्गापुरा के पास स्थित भूखंड से अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। जेडीए की ओर से स्वीकृत मानचित्र के विपरीत यहां निर्माण किया जा रहा था। इसके बाद यहां टीम ने पहुंचकर अतिरिक्त बेसमेंट के अवैध निर्माण की पुख्ता सीलिंग की और 7 मंजिल तक आगे, पीछे व साइड के सैटबैक को कवर कर बिल्डिंग बायलॉज का गंभीर उल्लंघन किए गए क्षेत्र को ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन 5 के क्षेत्राधिकार में महारानी फार्म दुर्गापुरा गायत्री नगर-डी में जेडीए से स्वीकृत मानचित्र के विपरीत अतिरिक्त बेसमेंट का निर्माण किया गया था वहीं सेटबैक्स में गंभीर उल्लंघन किया गया था। उसे मौके पर पहुंचकर तोड़ा गया। हालांकि पहले नोटिस जारी किए गए थे।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**वक्फ बोर्ड जेडीए के खिलाफ:** अधिकरण ने स्थगन आदेश 18 जुलाई तक बढ़ाया

# JDA नीलाम नहीं कर सकेगा जालूपुरा MLA क्वार्टर्स की जमीन

**बेधड़क** | जयपुर

एमआई रोड स्थित जालूपुरा एमएलए क्वार्टर को तोड़ने के बाद इस जमीन को जेडीए नीलाम करने की तैयारी में है, लेकिन इसमें राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ जेडीए के खिलाफ हो गया है। इस जमीन को वक्फ बोर्ड अपनी बता रहा है।

इसी प्रकरण में बोर्ड की ओर से दलीलों को सुनवाई कर वक्फ अधिकरण ने स्थगन आदेश 18 जुलाई तक बढ़ा दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ.खानू खान ने बताया कि वक्फ जायदाद बागनवाब कल्लन एमआई रोड जयपुर का स्वामित्व को लेकर मामला हाईकोर्ट तक चला है। इसमें जायदाद को वक्फ संपत्ति माना गया है।

हाल ही में वक्फ जायदाद के कुछ भाग पर विधायक क्वार्टर को हटाया जाकर जेडीए नीलामी की प्रक्रिया 4 जुलाई से शुरू करने वाला था, लेकिन सोमवार को जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिवक्ता व वक्फ बोर्ड के अधिवक्ताओं के पक्ष को सुनकर वक्फ अधिकरण ने 18 जुलाई, 2023 तक यथास्थिति के आदेश दिए गए हैं। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि वक्फ जायदाद के हिस्से को अब जेडीए स्टे रहने तक नीलाम नहीं कर पाएगा। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने विधानसभा के पास विधायकों के लिए मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाई गई है। जहां विधायकों को शिफ्ट किया जाएगा। इसलिए जालूपुरा स्थित एमएलए क्वार्टर को खाली करा लिया है और पुराने विधायक आवासों को तोड़ दिया गया है। अब इस जमीन को जेडीए नीलाम करने की तैयारी में है। दरअसल इसी जमीन पर वक्फ बोर्ड दावा जता रहा है और नीलामी को रुकवाने और इस भूमि को वक्फ को सौंपने की मांग कर रहा है।



### ये है वक्फ बोर्ड का दावा

मुस्लिम वक्फ का दावा है कि जयपुर रियासत के समय नवाब कल्लन शाह को 25 बीघा जमीन दी गई। बाद में 8 बीघा जमीन नवाब साहब ने अलग से खरीदी। इस तरह यह कुल 33 बीघा जमीन हो गई। साल 1962 में सर्वे कमिश्नर ने इस पूरी जमीन को वक्फ संपत्ति माना। वर्तमान में यहां मस्जिद बाग और मकबरा मौजूद है। वक्फ बोर्ड के चेयरमैन खानु खां बुधवाली का कहना है कि साल 2012 में कोर्ट ने पूरी 33 बीघा जमीन को वक्फ बोर्ड का माना है। चेयरमैन ने दावा करते हुए कहा कि वर्तमान में इस जमीन पर जीपीओ समेत विभिन्न सरकारी और निजी निर्माण हो चुके हैं।

**500 करोड़ कमाने की तैयारी में**

यहां विधायकों के लिए सरकार ने 28 मकान बना रखे थे। इन मकानों को एमएलए से खाली करवा कर यहां से हटा दिया गया हैं। विधायकों के लिए इसकी जगह विधानसभा के पास ज्योति नगर में मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में जगह दी जा रही है, जहां करीब 3200 वर्गफीट के सुपर बिल्टअप के लग्जरी फ्लैट बने हैं। विधायक आवास हटाने के बाद जेडीए इस जमीन का ऑक्शन करके करीब 500 करोड़ रुपए कमाई करने में हैं, लेकिन जेडीए की सभी तैयारियों पर मुस्लिम वक्फ का दावे ने पानी फेर दिया है।

**जंतर-मंतर में आषाढ़ी पूर्णिमा पर किया गया वायु परीक्षण**

# 19 साल बाद अधिकमास के साथ आया श्रावण मास

**बेधड़क** | जयपुर

भगवान भोलेनाथ की आराधना श्रावण मास मंगलवार से शुरू होगा। यूं तो श्रावण के बिल्व-पत्र चढ़ाने का अनुष्ठान सोमवार को आषाढ़ी पूर्णिमा से शुरू हो गया जो कि श्रावण पूर्णिमा तक चलेगा। वहीं इस बार श्रावण मास को लेकर भक्तों को खास उत्साह है। 19 साल बाद श्रावण मास अधिकमास के साथ आया है। अधिकामास को पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है। श्रावण मास में जहां भगवान शिव की आराधना होती है, वहीं अधिकमास भगवान विष्णु की आराधना का मास है। ऐसे में इस बार श्रावण मास के दौरान हरि-हर की आराधना एक साथ होगी। अधिकमास आने से श्रावण का महीना 59 दिन का रहेगा। इससे पूर्व वर्ष 2004 में श्रावण मास के दौरान अधिकमास आया था। मोती डूंगरी रोड स्थित श्रीपातालेश्वर महादेव मंदिर के महंत पं. गौरीशंकर शर्मा ने बताया कि श्रावण में शिवजी की विधिवत पूजा रोज करनी चाहिए। अगर विधिवत पूजा नहीं कर सके तो कम से कम एक लोटा जल और बिल्व पत्र शिवलिंग पर जरूर चढ़ाना चाहिए। उन्होंने बताया कि अधिक मास के सभी 30 दिनों में व्रत-उपवास और दान-पुण्य की परंपरा है।

**कहीं खण्ड वृष्टि तो कहीं सामान्य से अधिक वर्षा का योग**



### 18 जुलाई से 16 अगस्त तक रहेगा अधिकमास

सावन का महीना 4 जुलाई से प्रारंभ होकर 31 अगस्त तक चलेगा। इस बीच 18 जुलाई से अधिकमास प्रारंभ होगा जो 16 अगस्त को समाप्त होगा। अधिकमास के दौरान मंदिरों में श्रीमद् भागवत, शिव पुराण, रामचरित्र मानस आदि कथाएं होंगी। वहीं अनेक मंदिरों में अष्टोत्तरशत भागवत का आयोजन होगा। इसमें विद्धतजन सस्वर श्रीमद् भागवत के मूल पाठ करेंगे वहीं भागवत कथा प्रसंगों पर संतों के प्रवचन भी होंगे। इसी कड़ी में 22 जुलाई से आचार्य अवध किरीट के नेतृत्व में गोविंददेवजी मंदिर में अष्टोत्तरशत श्रीमद भागवत कथा होगी। इसमें सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक भागवत के मूल पाठ होंगे। वहीं दोपहर में वेणुगोपाल गोस्वामी महाराज कथा प्रसंगों पर चर्चा करेंगे।

### वायु का प्रवाह पश्चिम से पूर्व की ओर

आषाढ़ी पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को जंतर-मंतर में परंपरानुसार वायु-परीक्षण किया गया। इसमें शहरभर के ज्योतिषी एकत्र हुए और सबसे ऊंचे सम्राट यंत्र पर ध्वज फहराकर वायु परीक्षण किया गया। इससे आगामी मानसून की बारिश का पूर्वानुमान लगाया गया। भारतीय ज्योतिष शास्त्र में दृष्टि विज्ञान के आधार पर गत कार्तिक मास से प्रारम्भ होने वाले वृष्टि के गर्भधारण काल से अब तक के आकाशीय लक्षणों व ग्रह योगों के आधार पर इस वर्ष चातुर्मास में वर्षा के योग पर विद्वानों ने वायु परीक्षण के बाद अपने विचार बताए। इस बार वायु परीक्षण के दौरान वायु का प्रवाह पश्चिम से पूर्व की ओर एवं कुद ईशान कोण की ओर रहा। इससे कहीं-कहीं खण्ड वृष्टि एवं कहीं-कहीं सामान्य से अधिक होने की संभावना प्रकट की गई।

**आरयू में एबीवीपी का प्रोटेस्ट**

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन



**बेधड़क** | जयपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को राजस्थान विश्वविद्यालय में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इकाई अध्यक्ष भारत भूषण यादव ने बताया कि संगठन के लगातार संघर्ष के बाद विश्वविद्यालय ने सिंडिकेट की बैठक 28 जून को आयोजित की।

उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता सिंडिकेट मेंबर से मिलकर ज्ञापन देना चाहते थे, लेकिन प्रशासन के इशारों पर कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने चार बार लाठीचार्ज किया। लाठीचार्ज के विरोध में परिषद के कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय के मुख्यद्वार से लेकर कुलपति आवास तक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रांत संगठन मंत्री उपमन्यु राणा, छात्र नेता गुलशन मीणा, मनु दाधीच, देव पलसानिया, विष्णु मीणा, संजय चेची, विनोद यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### मुस्लिम फैडरेशन ने किया UCC का विरोध

**जयपुर।** मुस्लिम प्रोग्रेसिव फैडरेशन ने UCC का विरोध किया है। फैडरेशन के कन्वीनर अब्दुल सलाम जौहर ने एक बयान जारी कर आमजन से आह्वान किया कि वो केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे इस बिल का हर स्तर पर विरोध करें और देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाए रखने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। केंद्र सरकार पूरे देश में विभिन्न धर्म, जाति, वर्ग, संस्कृति क्षेत्र आदि सभी समुदाय के लिए एक समान नागरिक संहिता कानून लाना चाहती है। इसके लिए केंद्र को सबसे पहले संबंधित सभी समुदाय, पक्षों, वर्ग, धर्म, जाति क्षेत्र और धार्मिक व सामाजिक संगठनों समाज के विद्वान व प्रबुद्ध लोगों समुदाय से विचार-विमर्श करना चाहिए।

**जयपुर एयरपोर्ट पर हज यात्रियों का आगमन शुरू**

# 5700 यात्रियों को लेकर जेद्दा से जयपुर के लिए आएंगी 23 उड़ानें

**बेधड़क** | जयपुर



जयपुर एयरपोर्ट पर हज यात्रियों का आगमन सोमवार से शुरू हो गया। जेद्दा से जयपुर के लिए यात्रियों को लेकर उड़ानें जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल एक पर पहुंचना शुरू हो गई है। इन फ्लाइट्स से हज से वापस आ रहे हैं। 256 यात्रियों का पहला जत्था सोमवार शाम को जयपुर पहुंचा। तीर्थयात्रियों ने पवित्र यात्रा पूरी करने और एयरपोर्ट पर उनके लिए विशेष रूप से की गई व्यवस्थाओं के बाद अपनी खुशी व्यक्त की। हज आगमन उड़ानें 23 जुलाई तक जेद्दा से जयपुर तक संचालित होंगी। इसमे कुल 5700 यात्री जयपुर पहुंचेंगे।

हज यात्रा से लौटने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए जयपुर एयरपोर्ट पर विशेष इंतजाम किए गए हैं। कस्टम अधिकारियों के लिए दो काउंटरों के साथ-साथ छह इमीग्रेशन काउंटर स्थापित किए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए टर्मिनल एक पर मनी एक्सचेंज काउंटर भी स्थापित किया गया है। पवित्र जमजम जल वितरित करने के लिए अलग डेस्क स्थापित की गई है।

**इनाम:** जौहरी बाजार में डकैती की घटना को नाकाम करने का मामला

# डकैती की कोशिश को नाकाम करने वाले पिता-पुत्र को डीजीपी ने किया सम्मानित

**बेधड़क** | जयपुर



पुलिस मुख्यालय में सोमवार दोपहर डीजीपी उमेश मिश्रा ने जौहरी बाजार में 29 जून को बहादुरी दिखाते हुए हथियार बंद डकैती की घटना को नाकाम करने वाले सक्षम खंडाका और उनके पिता महेश खंडाका को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इन्होंने जौहरी बाजार स्थित ज्वेलरी की दुकान पर बंदूक लेकर लूट की फिराक में आए बदमाशों से सामना करते हुए सतर्कता, निडरता और बहादुरी के साथ नाकाम किया था। पिता पुत्र ने अपनी जान की परवाह न करते हुए सूझबूझ के साथ हथियारबंद डकैत द्वारा गोली चलाने के बावजूद उसे पकड़कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। डीजीपी मिश्रा ने उनके इस साहसपूर्ण और तत्परता के साथ बहादुरी दिखाते हुए डकैत और उसके हथियार को काबू में किए जाने के कार्य की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महानिदेशक कानून व्यवस्था राजीव शर्मा, एडीजी क्राइम दिनेश एमएन, हवा सिंह घुमरिया और समाज सेवी संत कुमार खंडाका भी मौजूद रहे। मिश्रा ने उनके इस साहसपूर्ण और तत्परता के साथ बहादुरी दिखाते हुए डकैत व उसके हथियार को काबू में किए जाने के कार्य की प्रशंसा की।

**माधोराजपुरा पंचायत समिति की सरकारी भूमि का मामला**

# मूलभूत सुविधाओं को लेकर घुमंतू जाति के लोगों ने किया अर्धनग्न प्रदर्शन

**बेधड़क** | जयपुर

देश की आजादी के 75 साल बाद भी घुमंतू जातियां अपनी मूलभूत सुविधाओं को लेकर संघर्ष कर रही है। राजधानी जयपुर के माधोराजपुरा खानाबदोश परिवारों के लोगों द्वारा पट्टा, बिजली, पानी के कनेक्शन की मांग को लेकर पिछले तीन दिनों से धरना दे रहे हैं। सोमवार को भारत जोड़ो मिशन समिति के नेतृत्व में घुमंतू जाति के लोगों ने अर्धनग्न होकर पंचायत समिति और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। समिति के अध्यक्ष अनीष कुमार ने बताया कि घुमंतू जातियों के खिलाफ प्रशासनिक अधिकारियों के दोयम दर्जे के बर्ताव को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।



**ये है विवाद का कारण**

माधोराजपुरा पंचायत समिति की सरकारी भूमि पर कई सालों से कच्चे घर और अस्थायी डेरे बनाकर करीब 20 से अधिक खानाबदोश परिवार रह रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब और कोई राजनीतिक संबंध नहीं होने पर पंचायत समिति में घुमंतू जाति के परिवार को अपने रहवासी मकान से अतिक्रमण हटाने के नाम पर बेदखल कर दिया। आरोप लगाया कि जिस खसरा नंबर की सरकारी भूमि पर वे 30 साल से रह रहे हैं, वहां पर अन्य जातियां भी निवास कर रही हैं, लेकिन उन्हें न हटाकर केवल घुमंतू जातियों को टारगेट कर हटाया जा रहा हैं। वहीं 10 साल से रह रहे अन्य लोगों को पंचायत समिति ने पट्टा भी जारी कर दिया।

### स्थायी आवास की मांग

समिति कि उपाध्यक्ष कालीबाई कालबेलिया ने दावा किया कि सीएम अशोक गहलोत ने 2021 से पहले सरकारी भूमि पर निवास कर रहे खानाबदोश परिवारों को निशुल्क पट्टा जारी करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं होने से खानाबदोश परिवार के लोगों को स्थायी आवास नहीं मिल पा रहे हैं। सरकार द्वारा प्रशासन गांवों के संग अभियान में भूमिहीन परिवारों को निशुल्क पट्टा जारी करने के आदेश के बावजूद भी स्थानीय प्रशासन ने परिवारों को अब तक पट्टे जारी नहीं किए है। उन्होंने कहा कि स्थायी आवास के अभाव में खानाबदोश परिवारों के अधिकांश लोगों के आधार कार्ड, पहचान-पत्र, जन आधार सहित अन्य दस्तावेज नहीं बनने से सरकार की चिरंजीव योजना सहित अन्य कई सरकारी योजनाओं का भी फायदा नहीं मिल रहा है।

### कोई नहीं सुनता हमारी

समिति के अध्यक्ष अनीष कुमार ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार हमारी पीड़ा बता दी, लेकिन कोई नहीं सुनता। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन ने धरना स्थल पर पहुंच कर तुरंत समाधान नहीं किया तो धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान भारत जोड़ो मिशन सोसायटी के पदाधिकारियों कालीबाई, चंदा लाल, जगदीश, मंतरा, हनुमान, हेमराज, हुकम कालबेलिया, दिनेश कालबेलिया, नैनू कालबेलिया, भंवरलाल बागरिया, केली बागरिया, मंगली बागरिया, सुनीता बागरिया, सहित कई लोग मौजूद रहें।

## जरूरी खबर

### मंडल की बैठक में भाजपा विस्तारक ने लिया फीडबैक



**माउंट आबू।** भाजपा विस्तारक उमेश पटेल ने माउंट आबू मंडल की बैठक ली। इसमें आबू-पिंडवाड़ा विधानसभा क्षेत्र को लेकर फीडबैक लिया। मंडल अध्यक्ष टेकचंद भंभाणी ने माउंट आबू की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं सहित सभी आमजन को आवास के निर्माण व रिनोवेशन में आ रही परेशानियों की जानकारी दी। वहीं स्थानीय व्यापारियों, मध्यम वर्ग सहित अन्य वर्ग के लोगों की भी जानकारी दी। इस दौरान अर्चना दवे, काजल अग्रवाल, रीना परमार, सलिल कालमा, नरपत चारण, सुरेश थिंगर, भंवर सिंह, सुरेंद्र गिरी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गुरु की पूजा कर शिष्यों ने लिया आशीर्वाद

**अलवर।** प्राच्य ज्ञान विज्ञान प्रचार-प्रसार समिति की ओर से गुरु पूर्णिमा महोत्सव सोमवार को सूर्य नगर एफ-24 स्थित गुरु आश्रम में मनाया गया। इस मौके पर दोपहर 2 से 4 बजे तक गुरु पूजा कार्यक्रम चला। इसमें शिष्यों ने हृदयनाथ जी महाराज (डॉ. हृदेश शर्मा, ज्योतिष वेदोपाध्याय) का पूजन कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस दौरान शिष्यों ने प्रसादी भी ग्रहण की। आयोजन समिति अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि इस मौके पर गुरु दीक्षा कार्यक्रम भी हुआ।

### सुनार की दुकान से 40 लाख रुपए के गहने हुए पार



**जैसलमेर।** जिले के देवीकोट कस्बे में रविवार रात चोरों ने सुनार की दुकान में ताले तोड़कर लाखों रुपए के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने बीच बाजार स्थित आशापूर्णा ज्वेलर्स के ताले तोड़कर 40 से 45 लाख रुपए के चांदी और सोने के आभूषण चुरा लिए। चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए और डीवीआर अपने साथ ले गए। सुबह दुकानदार ताराचंद सोनी जब दुकान पर पहुंचा तो दुकान के ताले टूटे हुए मिले। वारदात को लेकर स्थानीय व्यापारियों व वाशिंदों ने रोष जताया।

**सीएम निवास के घेराव की तैयारी:** कोटा से भी बड़ी तादाद में शामिल होंगी भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ता

# महिलाओं पर अत्याचार में राजस्थान बना सिरमौर: मेघवाल

**बेधड़क** | कोटा

प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में 5 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास पर महिला अत्याचारों के विरोध में महिलाओं के जंगी प्रदर्शन में कोटा से भी बड़ी तादाद में महिला कार्यकर्ता शामिल होंगी। इसको लेकर सोमवार को कोटा सर्किट हॉउस में पत्रकार वार्ता में विधायक चंद्रकांता मेघवाल एवं विधायक महारानी कल्पना देवी ने जानकारी दी।

उन्होंने दावा किया की हजारों की संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता जयपुर में होने वाले प्रदर्शन में शामिल होंगी। इस दौरान प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा, प्रदेश मंत्री हीरालाल नागर एवं भाजपा के प्रदेश सह संयोजक मीडिया संपर्क विभाग अरविन्द सिसोदिया भी मौजूद रहे।



विधायक चंद्रकांता मेघवाल ने पत्रकार वार्ता में कहा कि राजस्थान वीरों की धरती है और महिलाओं की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों तक का बलिदान करने का इतिहास रखती है, लेकिन राजस्थान में अब महिलाओं के हालात ठीक नहीं हैं। महिलाएं पूरी तरह असुरक्षित हो गईं हैं। महिलाओं के साथ आए दिन शर्मसार करने वाली घटनाएं सामने आ रही हैं। अपराधियों के हौसले इतने बढ़ गए हैं कि वृद्ध महिला के पांव के कड़े लूटने के लिए महिला के पैर तक काट दिए जाते हैं।

### राजस्थान में चार साल में महिला अत्याचारों की आई बाढ़

प्रेसवार्ता में लाडपुरा विधायक महारानी कल्पना देवी नें कहा कांग्रेस सरकार के साढ़े चार साल में महिलाओं पर अत्याचारों की बाढ़ सी आ गई है, लेकिन राज्य सरकार और प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंगी, बल्कि उनका मजाक उड़ाया गया है। इसलिए प्रदेशभर की महिलाएं सड़कों पर उतर कर कांग्रेस सरकार को जगाएंगी। उन्होंने कहा कि अब तो महिलाओं का आभूषण पहनना भी मुश्किल हो गया है। कोटा में सास और बहू को चेन बचाने के लिए अपराधियों से संघर्ष करते हुए देखा गया है। राजस्थान की सड़कों पर महिलाएं इतनी असुरक्षित कभी भी नहीं थीं, जितनी कि कांग्रेस राज में हो गई हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं नें इस असुरक्षित स्थिति के चलते अब आभूषण पहनना तक कम कर दिया है।

### नवनियुक्त महामंत्री का स्वागत

कोटा सर्किट हॉउस में नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा एवं प्रदेश मंत्री हीरालाल नागर का साफा एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। इसमें विधायक चंद्रकांता मेघवाल, विधायक लाडपुरा महारानी कल्पना देवी, भाजपा के मीडिया संपर्क विभाग के प्रदेश सह संयोजक अरविंद सिसोदिया, मंडल महामंत्री अरविंद जौहरी विस्तारक हेमंत शर्मा एवं पूरनेश वर्मा सहित मौजूद कार्यकर्ताओं नें भाग लिया।

### मुख्यमंत्री को सत्ता में रहने का हक नहीं

विधायक चन्द्रकांता मेघवाल ने कहा महिला अपराधों में राजस्थान पूरे देश में नंबर वन बना हुआ है। प्रदेश में प्रतिदिन 17 दुष्कर्म के मामले होते हैं और हर 2 घंटे में एक नाबालिग का अपहरण हो जाता है। राजस्थान को शर्मसार करने वाली गहलोत सरकार को जगाने के लिए 5 जुलाई को सीएम आवास पर जंगी प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला अत्याचार के मामलों में 46 फीसदी से भी अधिक की वृद्धि होने से मुख्यमंत्री गहलोत को सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं है।

**आगरा-दिल्ली हाईवे पर हुआ हादसा,** 33 श्रद्धालु भी घायल

# ट्रैक्टर से भिड़ी कार, राजस्थान के 3 व MP के 2 लोगों की मौत

**बेधड़क** | भरतपुर

जिले में सोमवार सुबह करीब 10.45 बजे आगरा-दिल्ली हाईवे पर एक कार बेकाबू होकर ट्रैक्टर ट्रॉली से जा भिड़ी। हादसे में कार सवार तीन लोगों के अलावा ट्रैक्टर में सवार दो जनों की मौत हो गई वहीं 33 लोग घायल हो गए।

कार सवार लोग उत्तर प्रदेश में बीमार बहिन से मिलने के लिए भरतपुर से रवाना हुए थे। पुलिस ने मृतकों की पहचान गोवर्धन (74), रूपेश (45), मुख्त्यारी (35), मुकेश और गयादीन के रूप में की है। गोवर्धन, रूपेश और मुख्त्यारी भरतपुर के रहने वाले थे और कार से मथुरा पहुंचे थे। रूपेश और मुख्यत्यारी गोवर्धन के बेटा-बेटी थे वहीं मुकेश और गयादीन मध्यप्रदेश के भिंड के रहने वाले थे, जो ट्रैक्टर में सवार थे।

जानकारी के अनुसार भरतपुर के उभार गांव के रहने वाले गोवर्धन (74) मथुरा के नोवा में अपनी बीमार बहिन चंद्रवती से मिलने कार से जा रहे थे। गोवर्धन के साथ उनका बेटा रूपेश (45), बेटी मुख्त्यारी (35), रुपेश की पत्नी दीपा (40), गोवर्धन की नातिन भूरी थी।

आगरा-दिल्ली हाईवे पर उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे को देख हाईवे से निकलने वाले वाहन चालक रुक गए और तुरंत घायलों की मदद के लिए पहुंचे। राहगीरों ने सभी कार सवार लोगों को बाहर निकाला। हादसे में गोवर्धन, रूपेश और मुख्त्यारी की मौत हो गई। दीपा और भूरी घायल हैं, जिन्हें फरह (मथुरा) के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।



### हादसे के बाद मौके पर मची चीख-पुकार

घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घायलों का शोर सुनकर स्थानीय लोग और हाइवे से निकलने वाले लोग तुरंत मदद के लिए पहुंचे। कार के अंदर से चीख पुकार की आवाज आ रही थी। राहगीरों से सभी कार सवार लोगों को बाहर निकाला। वहीं इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया और वाहनों की लम्बी कतार लग गई। पुलिस ने करीब एक घंटे बाद कार और ट्रैक्टर ट्रॉली को हाईवे से हटवाकर जाम खुलवाया।

### गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालु मध्यप्रदेश से आए थे गोवर्धन परिक्रमा करने



कार से टकराई ट्रैक्टर-ट्रॉली में 50 श्रद्धालु गुरु पूर्णिमा पर मध्यप्रदेश के भिंड जिले में पोह थाना इलाके के शेरपुर गांव से गोवर्धन परिक्रमा करने आए थे। परिक्रमा करने के बाद श्रद्धालु वापस भिंड लौट रहे थे। ट्रॉली में सवार श्रद्धालु धर्मजीत ने बताया कि तेज रफ्तार कार ने पीछे से ट्रॉली को जोरदार टक्कर मारी। इससे तेज झटका लगा। किसी को कुछ समझ ही नहीं आया कि क्या हुआ। टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क से ढलान पर उतर गई। इस हादसे में हमारे साथ के दो लोगों की मौत हो गई। यह हादसा रैपुराजाट पुलिस चौकी के पास हुआ। इसमें कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद मथुरा एसपी सिटी एमपी सिंह, सीओ रिफाइनरी हर्षिता सिंह मौके पर पहुंचे। मृतकों के शव मथुरा के फरह हॉस्पिटल पहुंचाए गए। वहीं 2 घायलों का इलाज मथुरा और ट्रॉली सवार 33 घायलों का इलाज आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज सहित अन्य निजी अस्पतालों में चल रहा है।

**पति के चरित्र पर** करती थी शक

# विवाहिता दो बेटों के साथ ट्रेन के आगे कूदी, तीनों की मौत





**बेधड़क** | जोधपुर

जिले में एक विवाहिता ने अपने दो बेटों के साथ ट्रेने के आगे कूद कर जान दे दी। जानकारी में सामने आया है कि महिला अपने पति के चरित्र पर शक करती थी। इसके चलते उसने यह कदम उठाया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

यह घटना जोधपुर के मंडलनाथ ट्रैक पर सोमवार सुबह 9.15 बजे हुई। आरपीएफ के एएसआई गजेंद्र यादव ने बताया कि महिला की पहचान निरमा (25) पत्नी सुरेश विश्नोई निवासी उम्मेद नगर मथानिया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 8 बजे निरमा अपने दोनों बेटे कार्तिक (7) और विशाल (3) को लेकर मंडलनाथ इलाके में पहुंची। वह अपने बच्चों के साथ ओटीसी के पास खड़ी हो गई। जैसे ही उसे ट्रेन आई तो निरमा ने अपने दोनों बेटों का हाथ पकड़ा और ट्रेन के आगे कूद गई। पुलिस के अनुसार महिला ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया, इसके बारे में परिजनों से बात की जाएगी।

### वर्ष 2017 में हुई थी शादी

जानकारी के अनुसार वर्ष 2017 में निरमा की शादी सुरेश विश्नोई से हुई थी। सुरेश की ट्रैवल्स एजेंसी है। सुरेश के पास टैक्सी भी है। बताया जा रहा है कि निरमा अपने पति सुरेश के चरित्र पर शक करती थी। इसके चलते पति-पत्नी में अनबन चल रही थी। वहीं आए दिन दोनों के बीच झगड़ा भी होता था।

**जिले में अलग-अलग** जगहों पर हुए हादसे

# पानी में डूबने से तीन लोगों की गई जान

**बेधड़क** | सिरोही

जिले में अलग-अलग जगह पानी में डूबने से तीन लोगों की जान चली गई। पुलिस ने तीनों के शवों का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंपा। पिंडवाड़ा थाने के हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश ने बताया कि विरोली गांव में बकरियों को चरा रहा 11 वर्षीय बालक पानी पीते समय पैर फिसलने से तालाब के गहरे पानी में डूब गया। हादसे में विरोली गांव के भीमाराम (11) पुत्र नाथाराम देवासी की मौत हो गई।

इसी प्रकार शिवगंज उपखंड के पालड़ी एम थानाधिकारी प्रभुराम ने बताया कि गोल निवासी ईश्वर लाल (21) पुत्र गोपाराम मीणा परिजनों के साथ गौतम ऋषि मंदिर में प्रसादी कार्यक्रम में गया हुआ था। वहां वह नदी में नहाने के लिए उतर गया। नहाते समय अचानक वह गहरे पानी में चला गया। इसके चलते डूबने से उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची सिविल डिफेंस की टीम ने करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद शवों को गहरे पानी से बाहर निकाला।



इधर पिंडवाड़ा थाना क्षेत्र के अजारी गांव स्थित एसाऊ नदी में नहाते समय अजारी निवासी गोविंद (20) पुत्र शिवराम गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गौताखोरों को बुलाया और शव की तलाश शुरू की। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से करीब घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला।

**संतों से लिया आशीर्वाद,** देश-प्रदेश में खुशहाली की कामना

# पीपाजी धाम में गुरु पूर्णिमा पर पूर्व सीएम राजे ने की पूजा-अर्चना

**बेधड़क** | झालावाड़

प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने सोमवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पीपाजी धाम में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने यहां संत पीपानंद महाराज एवं झंकारेश्वर महाराज का आशीर्वाद लिया।

यहां पूजा-अर्चना कर राजे ने देश एवं प्रदेश के लिए सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। वहीं राजे ने राड़ी के बालाजी मंदिर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महाआरती भी की। उन्होंने यहां छप्पन भोग कार्यक्रम में भाग लेकर यहां मौजूद सभी संतों एवं गुरुओं का आशीर्वाद लिया।



इस दौरान राजे ने कहा कि बालाजी महाराज की कृपा से सभी के जीवन में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली का वास हो तथा हमारा देश विकास के मार्ग पर गतिमान हो, ऐसी मेरी कामना है।

इसके अलावा राजे ने मनसापूर्ण बालाजी के भी दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

**विवाहिता के मर्डर का खुलासा**

# गर्भवती महिला की प्रेमी ने की थी नृशंस हत्या, संबंध तोड़ने से था नाराज

**बेधड़क** | पाली

राजस्थान के पाली में 25 साल की गर्भवती महिला की खून लथपथ मिली लाश के मामले का पुलिस खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला की हत्या उसी के प्रेमी ने संबंध खत्म करने से नाराज होकर की थी। उसने महिला पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए थे।

आरोपी ने जयपुर से पाली आकर इस वारदात को अंजाम दिया था। हत्या की वारदात के बाद आरोपी पास की झाड़ियों में जाकर छिप गया गया था, जिसे उसी रात दूध निकालने गए युवक ने देख लिया और हल्ला मचा दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने हत्या की वारदात करना कबूल किया है।

पाली एसपी डॉ. गगनदीप सिंगला ने बताया कि 1 जुलाई शनिवार की देर शाम को सदर थाने के निकट गोशाला के पास एक कच्चे कमरे में 25 साल की आशा पत्नी भाखरराम रेबारी की खून से लथपथ लाश मिली। महिला की लाश के पास ही सब्जी काटने का चाकू भी मिला।

आरोपी ने मृतका के गले, पेट और सीने पर चाकू से कई वार किए। इसके चलते उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता पिताराम रेबारी जब घर पहुंचे तो उन्हें गर्भवती बेटी आशा कहीं दिखाई नहीं दी। पिताराम रेबारी ने अपनी छोटी बेटी को आशा को ढूंढने को बोला। छोटी बेटी जब कच्चे कमरे में गई तो आशा की खून से लथपथ लाश देखी तो उसकी चीख निकल गई। बेटी को लहूलुहान हालत में देख पिताराम रेबारी ने पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी। सूचना पर सीओ सिटी अनिल सारण, कोतवाल रविन्द्र सिंह खिंची जाप्ते सहित मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए हत्यारे की तलाश की। पुलिस ने लाश के पास मिला चाकू बरामद कर लिया।



### आरोपी ऐसे पकड़ में आया

मृतक आशा के पिता पिताराम रेबारी ने शनिवार देर रात घर में भूखे बच्चों को पिलाने के लिए गोशाला में कॉल कर दूध मांगा। गोशाला में काम करने वाला युवक गाय का दूध निकालने गया तो वहां एक युवक को देख डर गया। उसने पिताराम सहित अन्य को गोशाला बुलाया और पुलिस को गोशाला में चोर होने की सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जैसे ही युवक को पकड़ा तो पिताराम की छोटी बेटी ने उसे पहचान लिया। उसने बताया पिता को बताया कि यही आदमी आशा दीदी से मिलने आया था। इस पर पुलिस उसे थाने लेकर गई और पूछताछ की। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने आशा की हत्या करना कबूल कर लिया।

### बनाया मिलने का दबाव

झुंझुनूं के जोधपुरा सुंदाली उदयपुरवाटी निवासी आरोपी महेश धोबी (27) ने बताया कि करीब चार साल पहले से उसका आशा से प्रेम संबंध चल रहा था। दो साल पहले जब आशा की शादी हुई तब उसने महेश से सारे संबंध तोड़ लिए, लेकिन महेश फोन कर उसे बार-बार मिलने के लिए कहता रहा। गर्भवती होने पर करीब 2 माह पहले आशा पाली में अपने पीहर आई। इस पर महेश ने कॉल कर उसे आखिरी बार मिलने के लिए कहा। बार-बार मिलने का दबाव बनाने पर आशा ने गोशाला के निकट स्थित अपने घर पर महेश को मिलने बुलाया। शाम के समय आशा घर पर अकेली थी। आशा से मिलने आए महेश ने संबंध आगे भी रखने की बात कही। इस पर आशा ने कहा कि उसकी शादी हो चुकी है और वह 6 माह के गर्भ से है। वह आगे से उससे न तो फोन पर बात नहीं करेगी और न कभी उससे मिलेगी। आशा ने महेश से कोई भी संबंध रखने से साफ-साफ इनकार कर दिया। आशा के मुंह से यह सुनते ही महेश आग बबूला हो गया और अपने साथ लाए चाकू से आशा के गले, पेट और सीने पर ताबड़तोड़ वार कर उसको मौत के घाट उतार दिया।

**अचीवमेंट:** महात्मा गांधी मेडिकल यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ हुए सम्मानित

# MGMU के छह डॉक्टर्स को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर मेडिकल एसोसिएशन की ओर से आयोजित डॉक्टर्स डे कार्यक्रम में महात्मा गांधी मेडिकल यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों को अनेक पुरस्कार मिले।

वाइस चांसलर डॉ. सुधीर सचदेव, कैंसर विशेषज्ञ डॉ. हेमंत मल्होत्रा, किडनी ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. टी सी सदासुखी, कैंसर सर्जन डॉ. राजगोविंद शर्मा, प्लास्टिक सर्जन डॉ. जी एस कालरा और एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. अवनीश भारद्वाज को इस कार्यक्रम में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ व जलदाय मंत्री महेश जोशी ने इन चिकित्सकों को सम्मानित किया।



## ये डॉक्टर्स भी हुए सम्मानित

जे एम ए अध्यक्ष डॉ. तरुण ओझा व महासचिव डॉ. अनुराग शर्मा के अनुसार इस अवसर पर उल्लेखनीय सेवाओं के लिए डॉ. स्वाति गर्ग, डॉ. पंकज गुप्ता, डॉ. संजय सिंघल, डॉ. मुनीश कक्कड़, डॉ. मनीषा निझावन, डॉ. महेश मिश्रा, डॉ. एच एल गुप्ता, डॉ. दिनेश यादव, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. सिद्धार्थ सिंह राठौड़, डॉ. आशीष जैन, डॉ. रजत वोहरा, डॉ. डी पी बंसल, डॉ. मुकेश सरना, डॉ. सुधा सरना, डॉ. चैतन्य गुप्ता, डॉ. विनीत प्रधान, डॉ. रजत जांगिड़, डॉ. गौरव गोयल, डॉ. नवीन गुप्ता, डॉ. बुद्धि प्रकाश शर्मा, डॉ. मनीष विजयवर्गीय, डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. निखिल बंसल, डॉ. मधु माथुर, डॉ. निपुण लांबा, डॉ. दीपक रायसिंघानी व डॉ. प्रियम्वदा गुप्ता आदि को भी सम्मानित किया गया।



## Yuva स्टोरीज




**पौरुष-राकेश ने जीता एलुमनाई बैडमिंटन टूर्नामेंट |**
**जयपुर।** महाराजा कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन की ओर से आयोजित महाराजा बैडमिंटन टूर्नामेंट पौरुष मित्तल व राकेश सिंघल की जोड़ी ने जीता। वैशाली नगर स्थित जयपुर बैडमिंटन एकेडमी में आयोजित इस टूर्नामेंट में महाराजा कॉलेज के 40 पूर्व छात्रों ने भाग लिया। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि जयपुर बैडमिंटन एसोसिएशन के सेक्रेट्री मनोज दासोत थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन के हेड कोच अतुल गुप्ता शामिल हुए। टूर्नामेंट आयोजन समिति में अनिल मित्तल, पंकज ओझा, रजनीश चौधरी, रामेंद्र शर्मा, नंदकिशोर गुप्ता, कैलाश चौधरी, परमेंद्र शर्मा, डॉ. अरविंद जायसवाल, वीरेंद्र यादव व देशराज शर्मा शामिल थे। इसमें संजय खंडेलवाल-तेज बहादुर की जोड़ी फर्स्ट रनर अप व योगेश अग्रवाल-अनिल खुबानी और देश राज शर्मा- दिग्विजय भंडारी की जोड़ी सेकंड रनर अप रही। सभी विजेता टीमों व खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

**सुरभि खंडेलवाल को पीएचडी |**
**जयपुर।** आईआईएस यूनिवर्सिटी की साइकोलॉजी डिपार्टमेंट की छात्रा सुरभि खंडेलवाल को 'वेल बीईंग इन रिलेशन एंड एक्प्रेस इमोशन इन प्राइमरी केयरगिवर्स ऑफ सिजोफ्रेनिया: मेडिऐटिंग रोल ऑफ डिजीज अवेयरनेस, परसेप्शन ऑफ इलनेस एंड रिजिलिएन्स' विषय पर शोध के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. मोनिका शर्मा के निर्देशन में पूरा किया है।



**रीट लेवल-1 का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन कल से |**
**जयपुर।** रीट-लेवल 1 के शॉर्टलिस्टेड अभ्यर्थियों की प्रारंभिक पात्रता जांच व डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन बुधवार से शुरू होंगे। प्रारम्भिक शिक्षा विभाग ने शाला दर्पण पोर्टल पर अभ्यर्थियों के पंजीकरण की प्रक्रिया आरम्भ कर दी है। विभाग ने इस संबंध में अभ्यर्थियों के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। शिक्षा मंत्री डॉ. बी डी कल्ला ने बताया कि विभाग की ओर से पूर्ण पारदर्शिता के साथ प्रक्रिया के संचालन के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं और अधिकारियों को अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा लेवल-1 की प्रारम्भिक पात्रता एवं दस्तावेजों की जांच 5 से 17 जुलाई तक की जाएगी। अभ्यर्थियों की सहायता के लिए निदेशालय एवं प्रत्येक जिले में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए है। अभ्यर्थियों की पात्रता जांच सम्बन्धी कार्य सम्बन्धित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक शिक्षा द्वारा निर्धारित दिनांक व स्थान पर अभ्यर्थी के व्यक्तिश: उपस्थित होने पर शाला दर्पण पोर्टल मॉड्यूल के माध्यम से किया जायेगा। अभ्यर्थी को दस्तावेज़ सत्यापन स्थान एवं दिनांक की जानकारी उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में भरे गए मोबाइल व ईमेल आईडी पर प्रेषित की जाएगी। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी शाला दर्पण पोर्टल पर भी स्थान, दिनांक एवं समय की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



**विद्यार्थियों को बताया गुरु शिष्य परंपरा का महत्व |**
**जयपुर।** राजकीय महाविद्यालय कंवर नगर, ब्रह्मपुरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व स्वामी विवेकानन्द कन्याकुमारी केन्द्र, जयपुर शाखा के संयुक्त तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुमन भाटिया ने इस अवसर पर भारतीय संस्कृति में गुरू शिष्य परम्परा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता शीतल जोशी ने विद्यार्थियों से ऊर्जावान बने रहने का आह्वान करते हुये उपभोक्तावादी संस्कृति से दूर रहकर संरक्षणवादी नीति अपनाने पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को सतत विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प दिलवाया। कार्यक्रम में विवेकानंद केन्द्र कार्यकर्ता कवि अमित कल्ला और जय मांधु ने भी विचार प्रकट किए। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी विवेक कुमार चूलेट ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की छात्रा शबाना बानो ने किया व शालिनी महावर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**मोटिवेशन:** IAS नवीन जैन ने दी स्टूडेंट्स को टिप्स

# कॅरियर गोल्स को पाना है तो नहीं चलेगा 'शॉर्ट कट'

**बेधड़क** | जयपुर

गांधीनगर स्थित शहीद लेफ्टिनेंट अभय पारीक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने सोमवार को अपने कॅरियर को दिशा देने के लिए जरूरी कदमों की जानकारी ली। मौका था स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन के स्कूल दौरे का। जैन इस स्कूल में विभाग के 'डायल फ्यूचर' प्रोग्राम के तहत चल रही गतिविधियों का निरीक्षण करने पहुंचे थे।

जैन ने इस दौरान बालिकाओं को दसवीं कक्षा के बाद स्ट्रीम और सब्जेक्ट चयन के लिए उपयोगी टिप्स देते हुए उनसे 'कॅरियर गोल्स' और जिंदगी में कुछ बनने के लिए बड़े सपने देखने जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण संवाद किया। शिक्षकों को भी विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने के लिए 'डायल फ्यूचर' के प्लेटफार्म का भरपूर उपयोग करने के निर्देश देते हुए कहा कि स्कूल में प्रतिदिन जो बच्चे अनुपस्थित हों उनके अभिभावकों को मैसेज करें और पेरेंट्स के साथ सतत समन्वय से विद्यार्थियों की स्कूलों में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें। साथ ही 11वीं कक्षा में अधिकाधिक एडमिशन के लिए विद्यालयों के आसपास के क्षेत्रों में सघन सम्पर्क करने के भी निर्देश दिए।

शिक्षा विभाग के डायल फ्यूचर इनिशिएटिव के तहत हायर सैकेंडरी स्कूलों में स्टूडेंट्स को विषय चयन के लिए व कॅरियर निर्माण के लिए काउंसलिंग दी जा रही है।



## सभी विषयों का महत्व बराबर

जैन ने स्वयं बालिकाओं की काउंसलिंग करते हुए कहा कि कॅरियर में आगे बढ़ने के लिए आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस स्ट्रीम्स के तहत आने वाले सभी विषयों का बराबर महत्व है। कोई भी स्ट्रीम या सब्जेक्ट किसी से कम नहीं है। विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार इनका चयन करते हुए अलग-अलग फील्ड में आगे बढ़कर अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि दसवीं के बाद स्कूल में प्लस वन और प्लस टू और फिर कॉलेज में अगले तीन सालों में 'टेक्स्ट बुक्स' का गहराई से अध्ययन करने से विषयों पर पकड़ और बुनियाद मजबूत होती है। ग्रेजुएशन के बाद चाहे आईएएस बनना हो या फिर आरएएस, स्कूल लेक्चरर बनना हो या फिर सीए, ग्राम सेवक बनने का लक्ष्य हो या फिर पटवारी के रूप में चयनित होने का, सभी के लिए कॉम्पिटिशन फाइट करना होता है।



## कड़ी मेहनत से ही मिलेगी ग्रोथ

जैन ने स्टूडेंट्स को कड़ी मेहनत की नसीहत देते हुए कहा कि जो विद्यार्थी इस प्रकार से नियमित तौर पर 7 से 10 घंटे अध्ययन करते हैं, वे हर स्तर के 'कॉम्पिटिशन एक्जाम' में सफल होकर अपना मनचाहा मुकाम पा सकते हैं। इसलिए पांच साल तक लगातार कड़ी मेहनत के साथ अध्ययन करने का 'कॅरियर ग्रोथ' में अहम रोल है। उन्होंने 'शॉर्ट कट' या 'शॉर्ट टर्म मैथड' के बजाय रेगुलर और 'थोरो स्टडी' की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला।



**कल्चर एक्सचेंज का बेहतरीन मौका**

# VGU में इंटर्नशिप के लिए जुटे विभिन्न देशों के स्टूडेंट्स

**बेधड़क** | जयपुर

विवेकानंद ग्लोबल विश्वविद्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए वैश्विक सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम के तहत विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी मे विभिन्न देशों के अनेक प्रतिभाशाली विदेशी छात्र इंटर्नशिप के लिए आए हैं। ये विदेशी छात्र अनुभव प्राप्त करने, अपने ज्ञान को व्यापक बनाने और अंतर-सांस्कृतिक संपर्क को बढ़ावा देने के लिए वीजीयू आए हैं। इन छात्रों को AIESEC (इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स इन इकोनोमिक्स एंड बिजनेस) के माध्यम से चुना जाता है। AIESEC युवाओं के नेतृत्व वाला वैश्विक संगठन है जो युवाओं को लीडर बनने, विभिन्न संस्कृतियों के लोगों के साथ संवाद करने और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए एक मंच प्रदान करता है। AIESEC अपने अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के माध्यम से दुनिया भर में कॉलेज के छात्रों और स्नातकों के लिए इंटर्नशिप, स्वयंसेवी अवसरों और व्यावसायिक विकास कार्यक्रम आयोजित करता है।

## एक कैंपस, अनेक कल्चर

वीजीयू में इंटर्नशिप के लिए आए स्टूडेंट्स विभिन्न पृष्ठभूमियों और विशिष्टताओं से आए हैं। तुर्की के मूल निवासी और कोकेली विश्वविद्यालय से स्नातक बारिस कैन अक्यूज हैं जो इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल क्षेत्र में स्नातक हैं। वाणिज्य पृष्ठभूमि वाले मिस्र के यूसुफ अहमद फराग हों या इलेक्ट्रॉनिक्स विशेषज्ञ एनवर हैलिल, नॉर्वे से आई एंड्रिया मॅई कॉन्स्टेंटिनो हों या मिश्र के महमूद वाएल ये सभी अपने फील्ड्स में कुछ नया सीखने के लिए कैंपस में आए हैं। ये प्रतिभाशाली छात्र वीजीयू में 45-दिवसीय इंटर्नशिप में भाग ले रहे हैं, और स्थानीय स्टूडेंट्स को अपनी संस्कृतियों की जानकारी दे रहे हैं।

**ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर** | पुलिस अकादमी में 'सेल्फ डिफेंस टेक्निक्स फॉर वूमेन' प्रशिक्षण की शुरुआत

# सेल्फ डिफेंस हमारा अधिकार नहीं बल्कि कर्तव्य है

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के सरकारी स्कूलों की छात्राओं को नए शैक्षणिक सत्र में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा कार्यक्रम के तहत आत्मरक्षा का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग और राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत महिला फिजिकल टीचर्स (पीटीआई) के लिए 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कोर्स 'ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनरः सेल्फ डिफेंस टेक्निक्स फॉर वूमेन' सोमवार को शास्त्री नगर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी में शुरू हुआ। प्रशिक्षण कोर्स का उद्घाटन राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक श्रुति भारद्वाज ने किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आत्मरक्षा सिर्फ हमारा अधिकार नहीं है बल्कि यह हमारा कर्तव्य भी है, जिसे हमें किसी भी परिस्थिति में निभाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत अब तक प्रदेश में 20 लाख से अधिक बालिकाओं को लाभान्वित किया गया है।

इस राज्य स्तर की इस विशेष ट्रेनिंग में सभी जिलों से शामिल महिला ट्रेनर्स को आत्मरक्षा की बारीकियां सिखाई जाएंगी। ट्रेनिंग के बाद वे आगे चलकर राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाएंगी। प्रशिक्षण के उद्घाटन कार्यक्रम में राजस्थान पुलिस अकादमी के सहायक निदेशक प्रदीप मोहन शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता मीणा एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।



## आत्मरक्षा के साथ अधिकारों का भी प्रशिक्षण

इस प्रशिक्षण कोर्स में वूमन पीटीआई'ज को आत्मरक्षा की टेक्निक्स के साथ ही महिला अधिकारों व कानूनों की भी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इससे ये पीटीआई'ज अपने स्कूलों में बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने के साथ ही अधिकारों और कानूनों के प्रति भी जागरूक कर सकेंगी।

## महाराष्ट्र में एनसीपी का विघटन

# फिर सही साबित हुए मधु लिमये



डॉ. संजीव मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार



बात सन् 1985 की है। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आए दिन दल-बदल व जनप्रतिनिधियों की खरीद फरोख्त रोकने के लिए 52वें संविधान संशोधन के रूप में दल-बदल विरोधी कानून की पहल की। उस समय समाजवादी चिंतक मधु लिमये ने इस कानून की यह कहकर आलोचना की थी कि इससे थोक दल-बदल बढ़ेगा। तब देश के अधिकांश राजनीतिक दलों ने दल-बदल विरोधी कानून का समर्थन किया तो लगा कि देश में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। अब सत्ता की शुचिता बरकरार रहेगी। दल-बदल बिल्कुल रुक जाएंगे। कुछ वर्षों तक ऐसा हुआ भी, किन्तु राजनीतिक दलों ने फिर से राह निकाल ली। अब थोक में दल-बदल के साथ इस्तीफे व दोबारा चुनाव के साथ पूरी-पूरी पार्टी के ही वैचारिक परिवर्तन जैसे रास्ते निकाल लिए गए हैं।

महाराष्ट्र में पहले शिव सेना और फिर राष्ट्रवादी कांग्रेस के थोक दल-बदल ने एक बार फिर मधु लिमये को सही साबित कर दिया है। 1985 में दल-बदल कानून लागू होने पर कुछ ऐसा संदेश दिया गया था कि पूरी-पूरी पार्टी या उसकी बड़ी संख्या को तोड़ना थोड़ा कठिन होगा। इसीलिए उस समय अन्य राजनीतिक दलों व नेताओं ने इस कानून का समर्थन भी किया था। जिस तरह से विधायक व सांसद चुनाव बाद अपनी निष्ठाएं बदल देते थे, उससे सर्वाधिक कुठाराघात जनता की भावनाओं के साथ ही होता था। दल-बदल कानून लागू होने के बाद उम्मीद थी कि यह मनमानी रुकेगी। उसी समय प्रसिद्ध समाजवादी चिंतक मधु लिमये ने इस कानून को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर की थीं। उन्होंने उसी समय चेताया था कि इस कानून से दल-बदल नहीं रुकेगा। उनका कहना था कि यह कानून छोटे-छोटे यानी फुटकर दल-बदल को तो रोकता है किन्तु थोक में हुए दल-बदल को वैधता प्रदान करता है। अब लग रहा है कि मधु लिमये की आशंकाएं गलत नहीं थीं। कहा जाए कि उनकी चिंता सही साबित हुई है तो गलत नहीं होगा।

> “मौजूदा विधानसभा गठन के लिए हुए चुनाव के बाद महाराष्ट्र में जो कुछ हुआ, उसे कानूनी रूप से भले ही दल-बदल न माना जाए किन्तु वैचारिक दल-बदल तो था ही। शिवसेना ने जिस भारतीय जनता पार्टी के साथ चुनाव लड़ा, चुनाव के तुरंत बाद भाजपा से मतभिन्नता और फिर अलगाव जैसी स्थितियां उत्पन्न हो गईं। इसी तरह कांग्रेस व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने उस शिवसेना के साथ सरकार बना ली, जिसकी आलोचना करते हुए पूरा चुनाव लड़ा।”

दल-बदल कानून बनने के कुछ सालों के भीतर ही स्पष्ट होने लगा था कि यह कानून अपने मकसद को पाने में नाकाम साबित हो रहा है। अब तो लगने लगा है कि इस कानून ने भारत के संसदीय लोकतंत्र में कई तरह की विकृतियों को भी हवा दी है। जिस तरह पिछले कुछ वर्षों में दल-बदल का स्वरूप बदला है, उससे इन विकृतियों को लेकर सामाजिक चिंताएं भी बढ़ी हैं। पिछले कुछ वर्षों में महाराष्ट्र इन स्थितियों का सबसे बड़ा गवाह बना है। मौजूदा विधानसभा गठन के लिए हुए चुनाव के बाद महाराष्ट्र में जो कुछ हुआ, उसे कानूनी रूप से भले ही दल-बदल न माना जाए किन्तु वैचारिक दल-बदल तो था ही। शिवसेना ने जिस भारतीय जनता पार्टी के साथ चुनाव लड़ा, चुनाव के तुरंत बाद भाजपा से मतभिन्नता और फिर अलगाव जैसी स्थितियां उत्पन्न हो गईं। इसी तरह कांग्रेस व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने उस शिवसेना के साथ सरकार बना ली, जिसकी आलोचना करते हुए पूरा चुनाव लड़ा। ऐसे में जनता के साथ तो यह भी विश्वासघात माना जाएगा। जनता ने शिवसेना को इसलिए वोट दिया था क्योंकि वह वैचारिक रूप से भाजपा के साथ खड़ी थी। फिर भाजपा से अलग होकर शिवसेना ने उस जनादेश को चुनौती दे दी।

इसी तरह भाजपा ने शिवसेना के साथ चुनाव लड़ते समय चुनाव बाद भी साथ रहने का वादा किया था, जिसे नहीं निभाया। महाराष्ट्र में शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सरकार चल रही थी, तभी लगभग पूरी शिव सेना टूट गई और भाजपा के साथ एक नई सरकार ने मूर्त रूप लिया। अब रही-सही कसर अजीत पवार के नेतृत्व में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की टूट ने पूरी कर दी है। थोक में दल-बदल का एक और स्वरूप वर्ष 2019 में कर्नाटक में भी सामने आया था। तब कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनवाने के लिए कांग्रेस व जनता दल (एस) के 17 विधायकों ने अपनी पार्टियों की बात नहीं मानी और विधानसभा से गैरहाजिर होकर अपनी पार्टियों के साथ विश्वासघात किया। फिर वहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन गई और उन 17 विधायकों की सीटों पर उपचुनाव कराना पड़ा।

> चुनाव पूर्व गठबंधनों की स्थिति में चुनाव बाद बदलाव की अनुमति न देने सहित दोबारा चुनाव की नौबत आने पर इसका खर्च इसके जिम्मेदार विधायकों से वसूलने जैसे प्रस्तावों पर भी विचार होना चाहिए। साथ ही ऐसी नौबत पैदा करने वालों के चुनाव लड़ने पर रोक जैसे प्रावधान भी लागू किए जाने चाहिए। देश की राजनीतिक व चुनावी शुचिता के लिए यह जरूरी भी है।

इस पर होने वाला खर्च सरकार को उठाना पड़ा, जो जनता की जेब से ही करों के रूप में वसूला हुआ था। वर्ष 2020 में मध्य प्रदेश में कांग्रेस के 22 विधायकों ने इस्तीफा दिया था। इसके परिणाम स्वरूप वहां कांग्रेस की तत्कालीन सरकार अल्पमत में आ गई और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन गई। इसके अलावा बिना विधानसभा चुनाव लड़े मुख्यमंत्री बनने वालों के लिए सीट छोड़ने की परंपरा भी खासी प्रचलित है। इस कारण होने वाले उपचुनाव का खर्च भी जनता की जेब से ही जाता है। ऐसे में यह समय एक बार फिर दल-बदल कानून पर पुनर्विचार का है। चुनाव पूर्व गठबंधनों की स्थिति में चुनाव बाद बदलाव की अनुमति न देने सहित दोबारा चुनाव की नौबत आने पर इसका खर्च इसके जिम्मेदार विधायकों से वसूलने जैसे प्रस्तावों पर भी विचार होना चाहिए। साथ ही ऐसी नौबत पैदा करने वालों के चुनाव लड़ने पर रोक जैसे प्रावधान भी लागू किए जाने चाहिए। देश की राजनीतिक व चुनावी शुचिता के लिए यह जरूरी भी है। ऐसा न होने पर राजनीतिक क्षेत्र से नए व अच्छे लोगों का जुड़ाव भी कठिन हो जाएगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

व्यंग्य

# नेता और न्योते!



डॉ. प्रेमचंद द्वितीय
व्यंग्यकार

जब चुनाव नजदीक आता दिखता है तो न्योते नेताजी के लिए बड़ी सभा या जनसंपर्क से कम नहीं होते हैं। ख्यालीराम के ख्याल में चुनाव लड़ने का आया तो उनके मित्र पं. शिवनारायण जी ने कहा कि चुनाव की नाव में सफर करना है तो रिश्ते बना और रिश्ते तभी बनते हैं जब न्योते मिलते हैं। वे बोले पिछले चुनाव में न्योतों से महरूम लचक राम जी जब चुनाव में लटक गए, तब उन्हें मालूम पड़ा कि न्योते मिल जाते तो वह नेता बन जाते। ख्यालीराम जी ने नेता बनने का ककहरा सीखा तो सबसे पहले न्योते का पाठ पढ़ा। चुनाव के दो-तीन साल पहले से ही वह न्योते के गणित का गुणा भाग करने में जुट गए। न्योते के गणित में उन्होंने पाया कि मौत का गणित न्योते के लिए सीधा सपाट, कम खर्च और कम समय वाला होता है।

इसी सिद्धांत को मजबूत जानकर गांवडे, मोहल्ले, कॉलोनी, रिश्तेदार, मिलने वाले, जान-अनजान जिनके यहां मौत होती है वे पहुंचने लगे। पंहुचने से पहले उन्होंने अपनी गाड़ी में हूटर लगा लिया और साथ में एक-दो ऐसे जोड़ लिए जो नेता जी का परिचय कराने में माहिर थे। नेताजी का रुतबा लगे इसके लिए इसके लिए उन्होंने एक बाउंसर भी साथ रख लिया जो उनके दाएं-बाएं, आगे-पीछे, मुड़ने पर साए की तरह रक्षा करने के एक्शन में एक्सपर्ट था। जब उनकी गाड़ी सायरन बजाती गमी वाले के यहां पहुंचती तो गमजदा लोग सिहर उठते हैं। वह संभलते कि कोई यम का दूत तो नहीं आ गया। ख्यालीराम हूटर की आवाज बंद होने तक गाड़ी में बैठे रहते, बाउंसर उनकी गाड़ी का फाटक खोलता तब वह कलफ लगे कपड़ों के सलवटें तोड़ते हुए उतरते और उनको किसी फिल्म के ट्रेलर की तरह इंट्रोड्यूस कराने वाले रास्ते को क्लियर करने की नौटंकी रचते हुए मौत के घर में प्रवेश कराते। वे गमजदा होकर बैठ जाते।

इसी बीच जिनकी मौत हुई उनके बारे में कोई बोले उससे पहले उनके परिवार का सदस्य इशारा करता है कि साब कौन हैं। इस पर परिचय कराने वाले गाइड उनका ऐसा बखान करते हैं कि आस पड़ोस वाले, रिश्तेदार और गांव के अन्य शोकाकुल भी आकुल हो उठते। वे उसी दिन से मन में यह धारणा बना लेते हैं कि अपने यहां जब भी गमी हो तो नेताजी को चिट्ठी से न्योता भेजना भूलना नहीं है। जब ज्यादा मौत के न्योते आने लगे तो नेताजी के बेटे ने कहा कि आप केवल मौत के न्योते पर ही गौर मत करो। इन न्योतों में जा-जाकर आप में निगेविटी आ गई है और निगेविटी चुनाव लड़ने में कितनी बाधक बनती है।

ये आप तीन चुनाव हार कर परख चुके हो। राजनीति में वंशवाद को फलने-फूलने के सिंद्वात को बल देते हुए नेताजी ने बेटे की बात मानकर वे शादी ब्याह के न्योते में गोते लगाते दिखने लगे। देर रात तक न्योतों को अटेंड करने के बाद सुबह उठ कर फिर नेताजी न्योते में अपने आपको खोते देखे जाने लगे। ख्यालीराम जी कहते हैं नेता के न्योते पर जाने से समारोह की रौनक बढ़ती है। जहां वे खुद नहीं जा पाते वहां अपने परिजन भाई-भतीजे, बेटे को भेजकर न्योते को पूरा करते हैं और न्योते के आधार पर परिवार की राजनीति में इंट्री करा देते हैं। ख्याली रामजी बोले- मौत, गात, नुक्ते, मैरिज के अलावा उनके पास श्राद्ध, ब्रह्मभोज, ग्रह प्रवेश, स्वामी वात्सल्य, बर्थ डे यहां तक कि वेलेन्टाइन डे तक के न्योते आने लगे। वे बोले ये टास्क नहीं वरन न्योते अपने संपर्कों को जीवित रखने का रामबाण इलाज होते हैं। न्योते से नेता बने ख्यालीराम जी ने पार्टी की रेल में सफर करने का टिकट तो हासिल कर लिया, लेकिन जनता की रेल से बेटिकट हो गए और जिंदगी केवल न्योता आधारित हो गई। जनता ने जब से उन्हें नकारा वे न्योतों को भी ढूंढते रह गए।

## जेनेट येलेन इस सप्ताह जाएंगी बीजिंग

# चीन से आर्थिक संबंध तोड़ना होगा विनाशकारी: येलेन

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन अमेरिका-चीन संबंधों को बेहतर बनाने के लिए चल रहे प्रयासों के तहत गुरुवार को बीजिंग की यात्रा करेंगी। वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। येलेन ने चीन से आर्थिक संबंध तोड़ने की धारणा को विनाशकारी करार दिया है और पिछले वर्ष कई बार उन्होंने कहा था कि वह चीन की यात्रा करना चाहती हैं। उनका कहना है कि भू-राजनीति तथा आर्थिक विकास को लेकर अपने तनावपूर्ण संबंधों के बावजूद दोनों देश एक साथ रहने का रास्ता ढूंढ सकते हैं और उन्हें ऐसे रास्तों को तलाशने की जरूरत है। नाम उजागर न करने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि येलेन इस सप्ताह चीन के अधिकारियों, वहां व्यापार करने वाली अमेरिकी कंपनियों और चीन के लोगों के साथ मुलाकात करेंगी।

## स्कॉटलैंड के दौरे पर किंग चार्ल्स

*लंदन। ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय अपने राज्यारोहण के बाद पहली बार सोमवार को 'होलीरूड वीक' के तहत स्काटलैंड के एडिनबर्ग हाउस पहुंचे। इस दौरान लोगों का अभिवादन करते किंग चार्ल्स। परम्परा अनुसार स्कॉटलैंड में 'रॉयल वीक' और अन्य लोगों में 'होलीरूड वीक' के नाम से मशहूर ये यात्राएं स्कॉटिश संस्कृति, उपलब्धि और समुदाय का जश्न मनाती हैं। होलीरूड सप्ताह आम तौर पर जून के अंत से जुलाई की शुरुआत तक होता है।*



फोटो: पीटीआई/एपी

## नॉलेज कॉर्नर: तानाशाह हिटलर ने भी इस चिह्न को दी अपने ध्वज में जगह

# स्वास्तिक: माना जाता है कल्याण का प्रतीक

भारतीय समाज में किसी भी शुभ कार्य को करने से पहले स्वास्तिक, ओम, त्रिशूल जैसे धार्मिक चिन्ह का उपयोग किया जाता है। इसके मुख्य उदाहरण शादी समारोह में छपने वाले कार्ड हैं। इन आमंत्रण पत्र पर प्रथम पूज्य भगवान गणेश के साथ इन धार्मिक चिह्नों को भी मान्यता दी जाती है। भारतीय संस्कृति में स्वास्तिक अत्यन्त प्राचीन काल से मंगल का प्रतीक माना जाता रहा है। मान्यता है कि इसके इस्तेमाल से शुभ कार्यों में बाधा नहीं आती है, इसलिए गृह प्रवेश, यात्रा पर जाने से पहले, शादी सहित विभिन्न शुभ कार्यों को करने से पहले स्वस्तिक चिह्न अंकित कर इसका पूजन किया जाता है। अधिक जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### हिटलर भी करता था इस्तेमाल

जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने भी इस चिन्ह का इस्तेमाल किया था। शायद कम ही लोग जानते होंगे कि जर्मनी और फिनलैंड जैसे देशों में भी स्वास्तिक को अपनाया गया था। हम सभी जानते हैं कि इसमें एक दूसरे को काटती हुई दो सीधी रेखाएं होती हैं, जो आगे चलकर थोड़ी मुड़ जाती हैं। इसके बाद अपने कोनों से ये रेखाएं एक बार फिर मुड़ जाती हैं। स्वास्तिक दो प्रकार का होता है। जिसे उल्टा और सीधा स्वास्तिक कहा जा सकता है। सीधे स्वास्तिक की रेखाएं हमारे दायीं ओर मुड़ती हैं। इसे शुभ माना जाता है। लोग इसे प्रगति का प्रतीक मानते हैं। दूसरी ओर उल्टे स्वास्तिक को भारतीय संस्कृति में अशुभ माना जाता है। इसे 'वामावर्त स्वस्तिक' कहते हैं। जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने अपने ध्वज में यही स्वस्तिक अंकित करवाया था।



### फिनलैंड ने नकारा


स्वास्तिक की चर्चाएं उस समय सबसे अधिक हुई जब फिनलैंड ने अपने वायुसेना के प्रतीक चिह्न से स्वास्तिक हटा दिया। दो पंखों के बीच में बने इस निशान को फिनलैंड की वायुसेना ने बिना किसी पूर्व घोषणा के इस्तेमाल करना बंद कर दिया। हेलसिंकी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तेइवो तैवैने ने इस पर सबसे पहले गौर किया था। वर्ष 1918 से फिनलैंड की वायुसेना के गठन के बाद से इसका इस्तेमाल किया जा रहा था। एक प्रवक्ता के मुताबिक पुराने प्रतीक का उपयोग जारी रखना अव्यावहारिक और अनावश्यक माना जाता रहा था, जो समय-समय पर गलतफहमी पैदा करता था। इसलिए इसे हटा दिया गया।

**स्वास्तिक का अर्थ**

*आखिर क्यों स्वास्तिक इतना शुभ माना जाता है तथा इसका क्या अर्थ है। स्वास्तिक शब्द तीन शब्दों से मिलकर बना है- सु,अस तथा क। इसमें 'सु' का अर्थ अच्छा, 'अस' का अर्थ 'अस्तित्व' और 'क' का अर्थ 'कर्त्ता' होता है। इस प्रकार तीनों शब्दों से मिलकर अर्थ होता है अच्छा या मंगल करने वाला। इसे कुशलक्षेम या कल्याण का प्रतीक भी माना जाता है।* कंटेंट: सुप्रिया सरकार



**अमित शाह,** गृह मंत्री
@AmitShah
2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा, अपना दल और निषाद पार्टी, तीनों मिलकर उत्तर प्रदेश की सभी सीटों पर जीत दर्ज करेंगे और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
तसल्ली का संदेश! पालनहार योजना के लगभग 6 लाख लाभार्थियों के सीधे खातों में 88 करोड़ रु की धनराशि हस्तांतरित की है। पालनहारों के खातों में पहुंची ये धनराशि बच्चों की शिक्षा, उनके संरक्षण और उचित देखरेख में मददगार होगी।




**अरविंद केजरीवाल,** मुख्यमंत्री दिल्ली
@ArvindKejriwal
जब प्रधानमंत्री जी कहते हैं - एक भी भ्रष्टाचारी को नहीं छोड़ूंगा, उनका मतलब होता है - सबको अपनी पार्टी में शामिल कर लूंगा।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
गुरु आपकी सांस, आपके दिल की धड़कन या आपकी मुक्ति बन सकता है। आप जो भी चुनाव करेंगे, मैं आपके साथ हूं।



**जया किशोरी,** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@iamjayakishori
मासूमियत प्यार का स्रोत है।



**सोनू सूद,** बॉलीवुड अभिनेता
@SonuSood
लगता है लिट्टी चोखा खाने का समय आ गया, क्या कहते हो बिहार? मिलता हूं पटना में।

## बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच विपक्षी एकता की कवायद, कांग्रेस आश्वस्त नहीं होगा नकारात्मक असर

# बेंगलुरु में 17-18 जुलाई को होगा मंथन, कांग्रेस करेगी मेजबानी

एजेंसी | नई दिल्ली

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ विपक्षी एकजुटता की कवायद को गति देने के लिए प्रमुख विपक्षी पार्टियों की आगामी बैठक 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में होगी। राज्य में कांग्रेस की सरकार है।

यह बैठक ऐसे समय होने जा रही है जब महाराष्ट्र में राकांपा दो फाड़ हो गई है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार के भतीजे अजित पवार समेत पार्टी के नौ विधायकों ने रविवार को एकनाथ शिंदे सरकार में मंत्री पद की शपथ ले ली। अजित पवार इस सरकार में उप मुख्यमंत्री बने हैं। कांग्रेस का कहना है कि महाराष्ट्र के इस घटनाक्रम का विपक्षी एकजुटता की कवायद पर नकारात्मक असर नहीं होगा, बल्कि विपक्षी पार्टियों का संकल्प और मजबूत होगा।



### मजबूत हुआ विपक्षी एकजुटता का संकल्प

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा, रविवार को जब भाजपा की वाशिंग मशीन अपने 'आईसीई' (आयकर, सीबीआई, ईडी) डिटर्जेंट के साथ मुंबई में फिर से शुरू हुई तो विपक्षी एकजुटता के खत्म होने की भाजपा द्वारा प्रेरित कहानियां गढ़ी जाने लगीं। लेकिन उनके निराश हाथ लगेगी। 23 जून को पटना में मिलने वाली पार्टियों की अगली बैठक 17-18 जुलाई को बेंगलुरू में होगी। मुंबई में जो ऑपरेशन किया गया है उससे विपक्षी एकजुटता का संकल्प मजबूत हुआ है। उन्होंने महाराष्ट्र के घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में कटाक्ष करते हुए 'मोदी वाशिंग पाउडर' नाम से एक चित्र साझा किया जिस पर 'सारे दाग चुटकियों में धुले' टैगलाइन है।

### सिब्बल ने भाजपा पर साधा निशाना



राज्यसभा के सदस्य कपिल सिब्बल ने सोमवार को भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा, पहले भ्रष्टाचारियों पर हमला करो और फिर उन्हें गले लगाओ। पहले उनकी जांच की गारंटी लें, फिर उनके समर्थन की वारंटी लें। जांच भी स्थगित। अब से ईडी (प्रवर्तन निदेशालय), सीबीआई (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) का कोई तनाव नहीं। कुछ सुनी सुनाई सी बात लगती है? लोकतंत्र की जननी अपना काम कर रही है। सिब्बल ने ट्वीटकर यह बात कही।

### भाजपा से गठबंधन नहीं, मैं विपक्ष के साथ: जयंत चौधरी



**बागपत (उप्र)।** राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी ने महाराष्ट्र में हुए राजनीतिक घटनाक्रम के बाद भाजपा से हाथ मिलाने की अटकलों को खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि उनका रुख स्पष्ट है और वह विपक्षी दलों की अगली बैठक में जरूर शामिल होंगे। चौधरी ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा से गठजोड़ की संभावना से इनकार किया। चौधरी से पूछा गया था कि केन्द्रीय मंत्री रामदास आठवले और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर कह रहे हैं

### राजनीतिक दलों के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने पंजीकृत राजनीतिक दलों के लिए अंशदान रिपोर्ट और चुनाव खर्च खातों सहित अपने वित्तीय विवरण दाखिल करने के वास्ते सोमवार को एक ऑनलाइन पोर्टल की सुविधा शुरू की है। आयोग के इस कदम को राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदों और खर्च संबंधी मामलों में अधिक पारदर्शिता लाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि यह कदम निर्वाचन आयोग की '3सी रणनीति' का हिस्सा है जिसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में राजनीतिक चंदे और खर्च में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करने के लिए साफ-सफाई, कार्रवाई और अनुपालन शामिल है। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा, आयोग इस तरह की सभी रिपोर्ट को ऑनलाइन प्रकाशित करेगा। साथ ही वित्तीय विवरण ऑनलाइन दाखिल नहीं करने के लिए पार्टी द्वारा भेजे गए स्पष्टीकरण पत्र को भी सार्वजनिक करेगा।

### मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति से जुड़े कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन के मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायाधीश दिनेश कुमार शर्मा ने याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि वह फिलहाल जमानत के हकदार नहीं हैं। अदालत ने सिसोदिया के अलावा उद्योगपति अभिषेक बोइनपल्ली, बिनॉय बाबू और विजय नायर की याचिकाएं भी खारिज कर दीं। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज धन शोधन के मामले में ये सभी सह-आरोपी हैं।

## महाराष्ट्र: राकांपा में तेज हुआ सियासी घमासान

# अजित व आठ MLA के खिलाफ अयोग्यता याचिका,नोटिस जारी

### शरद पवार की यशवंतराव चव्हाण को श्रद्धांजलि, दिखाई ताकत

एजेंसी | मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के समक्ष एक याचिका दायर कर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले अजित पवार और मंत्री पद की शपथ लेने वाले पार्टी के आठ अन्य विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की है।

सूत्रों के अनुसार, जितेंद्र आव्हाड ने रविवार देर रात नार्वेकर के आवास पर याचिका भेजी थी। अजित पवार के सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने के बाद राकांपा ने आव्हाड को महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त किया है। नार्वेकर के कार्यालय ने याचिका मिलने की पुष्टि की। शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी ने सोमवार को नौ विधायकों को नोटिस भी जारी किया और उनसे कहा कि वे किसी भी मंच पर इस तथ्य को गलत तरीके से पेश करने से बचें कि उनका राकांपा के साथ कोई संबंध है। राकांपा की प्रदेश इकाई के प्रमुख जयंत पाटिल द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि इस तरह की कोई भी गलतबयानी पूरी तरह से गैरकानूनी और अवैध होगी। ज्ञात रहे कि पार्टी की समिति ने नौ विधायकों को अयोग्य घोषित करने के संबंध में रविवार को एक प्रस्ताव पारित किया था।





### शरद पवार को सौंपी प्रस्ताव की रिपोर्ट

अनुशासन समिति के प्रमुख जयप्रकाश दांडेगावकर ने प्रस्ताव पारित होने के बाद राकांपा अध्यक्ष शरद पवार को इस पर रिपोर्ट सौंपी। इसमें कहा गया कि यह दलबदल पार्टी अध्यक्ष की जानकारी या सहमति के बिना इतने गोपनीय तरीके से किया गया कि यह पार्टी छोड़ने के समान है, जिसके कारण उन्हें अयोग्य ठहराया जाना चाहिए। हम इस पर संज्ञान लेते हैं कि भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के साथ ही पार्टी के संविधान और नियमों के अनुसार उचित कदम उठाए जाएं।

### हमारे कुछ लोग BJP की चाल के शिकार हुए

**कराड।** राकांपा के प्रमुख शरद पवार सोमवार को कराड में, अपने गुरु एवं महाराष्ट्र के पहले मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण के स्मारक पर पहुंचे और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। गुरु पूर्णिमा के अवसर पवार का दिवंगत चव्हाण के स्मारक प्रीतिसंगम का दौरा करने को शक्ति प्रदर्शित करने के तौर पर देखा जा रहा है। पवार ने कराड में पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा, हमारे कुछ लोग अन्य पार्टियों को तोड़ने की भाजपा की चाल का शिकार हो गए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और देश में सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने वाली ताकतों से लड़ने की जरूरत है। शरद पवार ने एक मौके पर भाजपा पर जमकर प्रहार किया।

#### शरद पवार का पलटवार

### प्रफुल्ल पटेल और तटकरे को किया पार्टी से निष्कासित

**मुंबई।** राकांपा ने सोमवार को पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल व लोकसभा सदस्य सुनील तटकरे को 'पार्टी विरोधी' गतिविधियों के चलते निष्कासित कर दिया। दोनों ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का बगावत में साथ दिया था। शरद पवार ने ट्वीट किया, मैं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष पार्टी विरोधियों गतिविधियों की वजह से सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल को राकांपा पार्टी सदस्यों के रजिस्टर से हटाने का आदेश देता हूं। उन्होंने साथ ही पटेल को भी टैग किया जिन्हें पिछले महीने ही राकांपा का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था।



#### प्रफुल्ल पटेल का जवाबी कदम

### सुनील तटकरे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व अजित विधायक दल के नेता नियुक्त

**मुंबई।** राकांपा के कार्यकारी अध्यक्ष पद से हटाए जाने के तुरंत बाद प्रफुल्ल पटेल ने सोमवार शाम को जयंत पाटिल की जगह लोकसभा सदस्य सुनील तटकरे को पार्टी की महाराष्ट्र इकाई का प्रमुख नियुक्त करने की घोषणा की। पटेल ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार को पार्टी विधायक दल का नेता भी नियुक्त किया। पटेल ने यहां प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने पाटिल को तटकरे को प्रभार सौंपने के बारे में सूचित किया था। उन्होंने कहा कि अजित पवार राकांपा विधायक दल के नेता होंगे।

### अयोग्यता का नोटिस निरर्थक

अजित पवार ने कहा कि पार्टी और विधायक उनके साथ हैं और उनके तथा आठ नए शपथ लेने वाले मंत्रियों के खिलाफ अयोग्यता का नोटिस निरर्थक है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी का चुनाव चिह्न (घड़ी) भी उनके पास है। हम जो भी कर रहे हैं वह पार्टी के हित में है। हम अपनी पार्टी को और मजबूत करेंगे।

## पंजाब के CM के आरोप किए खारिज

# मान के खिलाफ मानहानि वाद दायर करूंगा: रंधावा

एजेंसी | चंडीगढ़





कांग्रेस नेता सुखजिंदर सिंह रंधावा ने सोमवार को कहा कि वह उनका चरित्र हनन करने को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के खिलाफ मानहानि वाद दायर करेंगे।

रंधावा ने मान द्वारा उन पर गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के लिए जेल में सुविधाएं मुहैया कराने का आरोप लगाने के लिए मुख्यमंत्री की आलोचना की।

मान ने रविवार को कहा था कि उनकी सरकार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान रूपनगर की जेल में मुख्तार अंसारी के आरामदायक प्रवास पर खर्च हुए 55 लाख रुपए की वसूली पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह और तत्कालीन जेल मंत्री सुखजिंदर रंधावा से करेगी। रंधावा ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं मानहानि का वाद दायर करूंगा... मैं कभी भी अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगा। रंधावा ने मुख्यमंत्री को अंसारी मामले में उन्हें 'वसूली नोटिस' जारी करने की चुनौती भी दी।

### अमरिंदर व रंधावा से बराबर-बराबर वसूली

इस बीच, मुख्यमंत्री मान ने एक 'फाइल नोटिंग' ट्विटर पर साझा की, जिसके अनुसार अंसारी के बचाव में वकील पर किए गए खर्च की राशि पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह और पूर्व जेल मंत्री रंधावा से बराबर-बराबर वसूली जाएगी। वहीं, रंधावा ने संवाददाताओं से कहा कि अंसारी मामले में जेल विभाग याचिकाकर्ता नहीं, बल्कि प्रतिवादी था।

### अखिलेश की KCR से भेंट



*हैदराबाद। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को हैदराबाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव से मुलाकात की। राव ने अपने कैंप कार्यालय एवं आधिकारिक आवास, प्रगति भवन में दोपहर के भोजन पर यादव की मेजबानी की। -पीटीआई*

## पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव

# अल्पसंख्यक वोटों में ISF की सेंध से बिगड़ सकते हैं कई समीकरण!

एजेंसी | फुरफुरा शरीफ (पश्चिम बंगाल)

पश्चिम बंगाल के हावड़ा और हुगली जिलों के विशाल खेतों की हरियाली को पीछे छोड़ते राज्य राजमार्ग पर वाहन धूल उड़ाते हुए एक गांव से गुजरते हैं, तो यहां की पहचान फुरफुरा शरीफ के पीर की मजार पर नजर जरूर ठहरती है, जिनके नाम पर इस गांव का नाम पड़ा है। करीब 7000 की आबादी वाला यह गांव फुरफुरा के पहले पीर मुहम्मद अबु बक्र सिद्दीकी की मजार के आसपास से ही बढ़ा है। फुरफुरा शरीफ को बहुत से लोग अजमेर की दरगाह शरीफ के बाद दूसरा सबसे पवित्र सूफी तीर्थस्थान मानते हैं। यह गांव अब 'इंडियन सेक्युलर फ्रंट' (आईएसएफ) नामक पार्टी का केंद्र है। पार्टी की स्थापना पीर के वंशजों द्वारा 2021 में की गई थी। पश्चिम बंगाल में 2021 में हुए विधानसभा चुनावों में आईएसएफ को महज 1.35 प्रतिशत वोट और एक सीट हासिल हुई थी, लेकिन इसके बावजूद इसे राज्य के 27 प्रतिशत मुस्लिम मतों में हिस्सेदारी के लिए मुख्यधारा की तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस, माकपा और भाजपा के लिए खतरे के रूप में देखा जाता है, क्योंकि गरीब बंगाली मुस्लिम किसानों के बीच फुरफुरा शरीफ दरगाह की लोकप्रियता है।



**आईएसएफ: फुरफुरा शरीफ से जुड़े हैं तार**

2021 में हुई आईएसएफ की स्थापना

01 विधायक है वर्तमान में पार्टी का

27 प्रतिशम मुस्लिम मत हैं पश्चिम बंगाल में

### ममता का करिश्मा हो रहा है कम: माकपा नेता का दावा

पश्चिम बंगाल में माकपा की नेता सायरा शाह हलीम ने कहा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का करिश्मा कम हो रहा है, विभिन्न समुदायों के लिए उनकी प्रतीकात्मकता की नीति से मदद नहीं मिल रही है... घोटालों का लोगों के मानस पर प्रभाव पड़ा है। हलीम ने कहा,नई पार्टी केवल रूढ़िवादी मुसलमानों के एक छोटे वर्ग को प्रभावित करती दिखती है... लेकिन फिर रूढ़िवादियों का एक अन्य वर्ग ममता का भी समर्थन करता है। हमें विश्वास है कि हमारे मतदाता, धर्म की परवाह किए बिना, हमारे पाले में वापस आ रहे हैं।

### कोलकाता व दक्षिण 24 परगना में दिखाई ताकत

आईएसएफ कोलकाता और दक्षिण 24 परगना में आयोजित रैलियों में कुछ ताकत दिखा रहा है। आईएसएफ के एक मात्र विधायक और फुरफुरा शरीफ मजार के पीरजादा नौशाद सिद्दीकी (30) आईएसएफ के धर्मनिरपेक्ष होने और ग्रामीण बंगाल में सभी कमजोर वर्गों के लिए काम करने का दावा करते हैं। इस साल जनवरी में कोलकाता में एक बड़ी रैली के बाद हुई हिंसा के चलते गिरफ्तार किए गए लोगों में नौशाद सिद्दीकी भी शामिल थे।

### टीएमसी ने भी लगाया जोर

टीएमसी भी हावड़ा, हुगली, दक्षिण और उत्तर 24 परगना के साथ-साथ बीरभूम, जहां एक बड़ा अल्पसंख्यक वोट है, और मुर्शिदाबाद और मालदा के मुस्लिम बहुल जिलों में कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम को अपने मुस्लिम चेहरे के रूप में पेश कर रही है।

## जरूरी खबर

### PM आवास पर 'ड्रोन' की सूचना पुलिस ने की जांच



**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली में प्रधानमंत्री के आवास के ऊपर सोमवार सुबह एक अज्ञात वस्तु उड़ते हुए (ड्रोन) देखे जाने की सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि उसे सुबह करीब पांच बजे पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) में फोन आया था कि प्रधानमंत्री के आवास के ऊपर एक ड्रोन जैसी वस्तु उड़ते हुए देखी गयी है। पुलिस तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। दि दिल्ली पुलिस ने एक बयान में कहा, आसपास के इलाकों में गहन तलाश अभियान चलाया गया लेकिन ऐसी कोई वस्तु नहीं मिली। हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) से भी संपर्क किया गया, उन्हें भी प्रधानमंत्री के आवास के समीप ऐसी कोई वस्तु उड़ते हुए नहीं मिली।

### अनुच्छेद 370: संविधान पीठ 11 को करेगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के करीब चार साल बाद प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ केंद्र सरकार के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 11 जुलाई को सुनवाई करेगी। पीठ में न्यायाधीश संजय किशन कौल, न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायाधीश सूर्यकांत भी शामिल हैं। पांच अगस्त, 2019 को, केंद्र ने पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त कर इसे दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था।

### NIA के महाराष्ट्र में छापे, ISIS मॉड्यूल का भंडाफोड़

**मुंबई।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने सोमवार को महाराष्ट्र के मुंबई, ठाणे और पुणे में पांच स्थानों पर छापेमारी के बाद चार लोगों को गिरफ्तार कर आतंकी संगठन आईएसआईएस मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। एनआईए ने एक बयान में कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर छापेमारी की गई, जिसके बाद दक्षिण मुंबई के नागपाड़ा से ताबिश नासिर सिद्दीकी, पुणे के कोंढवा से जुबैर नूर मोहम्मद शेख उर्फ अबू नुसैबा और पड़ोसी ठाणे के पडघा से शरजील शेख तथा जुल्फिकार अली बड़ौदावाला को गिरफ्तार किया गया।

## गोवर्धन परिक्रमा में उमड़ा जन सैलाब



**मथुरा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर सोमवार को मथुरा जिले के गोवर्धन में स्थित पवित्र गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा में उमड़े श्रद्धालु।

### आनंद सैन्य मामलों के अपर सचिव नियुक्त



**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल अतुल आनंद ने सोमवार को सैन्य मामलों के विभाग में अपर सचिव पद का कार्यभार संभला। रक्षा मंत्रालय के अनुसार पूर्व में इस पद पर लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी पदस्थ थे, जो 28 फरवरी 2023 को सेवानिवृत्त हो गए थे। वाइस एडमिरल आनंद को एक जनवरी 1988 को नौसेना की कार्यकारी इकाई में कमीशन मिला। वे अति विशिष्ठ सेवा पदक और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किए जा चुके हुए हैं। वह टॉरपीडो रिकवरी पोत आईएनटीआरवी ए72, मिसाइल नौका आईएनएस चेतक, लड़ाकू पोत आईएनएस खुखरी और मिसाइल विध्वंसक आईएनएस मुंबई की कमान संभालने के साथ ही सहित कई अहम जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

## मणिपुर में हिंसा: कानून-व्यवस्था व पुनर्वास की स्थिति पर गौर

# SC का राज्य सरकार को अपडेट रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश

**एजेंसी** | नयी दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को मणिपुर सरकार को जातीय हिंसा प्रभावित राज्य में पुनर्वास सुनिश्चित करने और कानून एवं व्यवस्था की स्थिति में सुधार के लिए उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी वाली एक अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश पी एस नरसिम्हा और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने इस मुद्दे पर याचिकाओं को 10 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता से पीठ ने अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा, इसमें पुनर्वास शिविरों, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाए गए कदम और हथियारों की बरामदगी जैसे विवरण होने चाहिए। एक संक्षिप्त सुनवाई में, मेहता ने सुरक्षा बलों की तैनाती और कानून व्यवस्था की हालिया स्थिति का विवरण दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में कर्फ्यू की अवधि अब 24 घंटे से घटाकर पांच घंटे कर दी गई है। राज्य में पुलिस, इंडियन रिजर्व बटालियन और सीएपीएफ की 114 कंपनियां भी तैनात हैं।

### किसानों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बल होंगे तैनात




### सांप्रदायिक रंग न दिया जाए: सॉलीसिटर जनरल

सॉलीसिटर जनरल मेहता ने कहा कि कुकी समूहों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कॉलिन गोंजाल्वेज़ को चाहिए कि वह मामले को सांप्रदायिक रंग नहीं दें। गोंजाल्वेज़ ने तर्क दिया कि उग्रवादी एक समाचार कार्यक्रम में आए और कहा कि वे कुकी समूहों का सफाया कर देंगे" लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि कुकी समूहों के खिलाफ हिंसा राज्य द्वारा प्रायोजित थी।

### कई याचिकाएं हैं दायर

शीर्ष अदालत के पास मणिपुर की स्थिति को लेकर कई याचिकाएं हैं। इनमें सत्तारूढ़ भाजपा के एक विधायक द्वारा दायर याचिका शामिल है जिसमें मेइती समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है।

### आठवीं तक के स्कूल कल से खुलेंगे: बीरेन

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार को कहा कि मई के पहले सप्ताह में राज्य में जातीय झड़पें शुरू होने के बाद से बंद किए गए पहली से आठवीं कक्षा तक के स्कूल पांच जुलाई से फिर खुलेंगे।

उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहाड़ी और घाटी जिलों में स्थापित बंकरों को हटा दिया जाएगा, जबकि मेइती और कुकी दोनों समुदायों के किसानों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए अतिरिक्त राज्य बल तैनात किए जा रहे हैं, ताकि कृषि गतिविधियां शुरू हो सकें। तीन मई को पूर्वोत्तर राज्य में जातीय संघर्ष शुरू होने के बाद से शैक्षणिक संस्थान बंद हैं।

## नौकरी के बदले जमीन घोटाला

# तेजस्वी, लालू यादव राबड़ी के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल





**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने नौकरी के बदले जमीन लेने संबंधी घोटाले से जुड़े मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव तथा पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद एवं पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने बताया कि मामले में यह दूसरा आरोपपत्र है और इसमें 14 अन्य लोगों के भी नाम शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह मामले में पहला आरोपपत्र दाखिल होने के बाद सामने आए दस्तावेजों और सबूतों के आधार पर दाखिल किया गया है।

अधिकारियों ने कहा कि यादव परिवार के सदस्यों के अलावा, सीबीआई ने मामले में एके इन्फोसिस्टम्स और कई बिचौलियों को भी नामजद किया है। आरोपपत्र विशेष सीबीआई अदालत में दाखिल किया गया दूसरा आरोपपत्र इसलिए दाखिल किया गया क्योंकि प्रारंभिक रिपोर्ट दाखिल होने तक आरोपियों की कथित भूमिका के संबंध में जांच पूरी नहीं हो सकी थी।

### यह है सीबीआई का आरोप

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि 2004-2009 में संप्रग सरकार में लालू प्रसाद के रेल मंत्री रहने के दौरान बिना किसी विज्ञापन या सार्वजनिक सूचना के नियमों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन कर पसंदीदा लोगों को रेलवे में नियुक्त किया गया। एजेंसी के मुताबिक, रेलवे में नौकरी के बदले में अभ्यर्थियों ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों को बाजार भाव से काफी कम दरों पर जमीन बेची थी।

## जियो भारत वी2 व जियो भारत प्लेटफॉर्म लॉन्च

# रिलायंस की 25 करोड़ 2जी ग्राहकों पर नजर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा कंपनी रिलायंस जियो ने सोमवार को ने 4जी फोन 'जियो भारत वी 2' को लॉन्च कर दिया है। इसकी कीमत 999 रु रखी गई है। कंपनी की नजर भारत में करीब 25 करोड़ 2जी ग्राहकों पर है।




कंपनी ने 25 करोड़ 2जी ग्राहकों को 4जी में लाने के लिए 'जियो भारत' प्लेटफॉर्म भी लॉन्च किया है। रिलायंस जियो केवल 4जी और 5जी नेटवर्क ही ऑपरेट करता है। कंपनी का दावा है कि जियो भारत वी 2 के दम पर कंपनी 10 करोड़ से अधिक ग्राहक जोड़ लेगी।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस फोन के ग्राहकों को 28 दिन की वैधता वाले प्लान के लिए 123 रुपए चुकाने होंगे। इसके अलावा ग्राहकों को कंपनी 14 जीबी का 4जी डेटा भी देगी। कंपनी का वार्षिक प्लान भी है जिसके लिए ग्राहक को 1234 रु चुकाने होंगे।

### सुप्रीम कोर्ट: अदालत कक्ष हुआ कागज रहित

*नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के पहले पांच अदालत कक्ष अब वाई-फाई से लैस हो गए हैं। प्रधान न्यायाधीश (डी वाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को देश की शीर्ष अदालत में डिजिटलीकरण की दिशा में इस अहम कदम की घोषणा की। यह कदम ई-पहल के तहत उठाया गया है और एससीआई वाईफाई पर लॉगइन कर इस सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है।*



## संसदीय समिति की बैठक

# आदिवासियों को प्रस्तावित यूसीसी के दायरे से बाहर रखने की हिमायत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी ने उनकी अध्यक्षता में हुई एक संसदीय समिति की बैठक में समान नागरिक संहिता बनने की स्थिति में पूर्वोत्तर एवं अन्य क्षेत्रों के आदिवासियों को इसके दायरे से बाहर रखने की वकालत की। वहीं, कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने इस विवादित मुद्दे पर विचार-विमर्श शुरू करने के विधि आयोग के कदम पर सवाल उठाया। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस, द्रमुक सहित ज्यादातर विपक्षी दलों के सदस्यों ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर जोर दिए जाने को अगले लोकसभा चुनाव से जोड़ा।

कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्यास विभाग संबंधी स्थायी संसदीय समिति ने समान नागरिक संहिता पर सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक की। इसमें विधि कार्य विभाग, विधायी विभाग और भारत के विधि आयोग के प्रतिनिधियों को बुलाया गया था।

सूत्रों ने बताया कि बैठक में शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि कई देशों में समान नागरिक संहिता है और उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों एवं समुदायों की चिंताओं पर भी ध्यान देने को कहा। राउत ने इस विषय पर विचार-विमर्श की प्रक्रिया शुरू करने के समय को लेकर भी सवाल उठाए।



### कांग्रेस का आयोग के कदम पर सवाल

कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा और द्रमुक सांसद पी विल्सन ने यूसीसी पर लोगों और अन्य हितधारकों से सुझाव आमंत्रित करने के विधि आयोग के कदम पर सवाल उठाते हुए अलग-अलग लिखित बयान सौंपा। विधि आयोग का प्रतिनिधित्व उसके सदस्य सचिव के विस्वाल ने किया। तन्खा और विल्सन ने कहा कि 'परिवार कानून में सुधार को लेकर 31 अगस्त 2018 के विधि आयोग के परिचर्चा पत्र को देखा है और इसमें यूसीसी को इस स्तर पर न तो जरूरी और न ही वांछनीय बताया गया है। तन्खा ने अपने ट्वीट में संसदीय समिति के अध्यक्ष सुशील मोदी को 3 जुलाई को पत्र लिखे पत्र को साझा किया। पत्र में तन्खा ने कहा कि परिवार कानून में सुधार को लेकर 31 अगस्त 2018 के परिचर्चा पत्र को देखने के बाद उनका मानना है कि इस परिचर्चा पत्र को सभी पक्षकारों के विचारार्थ अधिसूचित किया गया था और इसलिए लोगों की राय प्राप्त करने के बाद एक रिपोर्ट तैयार की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट में न केवल विधि आयोग के विचार सामने आए, बल्कि उन लोगों के भी विचार सामने आए, जिन पर इसका प्रभाव पड़ेगा।

### यूसीसी वांछनीय नहीं: विल्सन

द्रमुक सांसद एवं समिति के एक अन्य सदस्य पी विल्सन ने अपने ट्वीट में कहा, उन्हें इस बात पर आश्चर्य है कि जब उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले 21 वें विधि आयोग ने विस्तृत अध्ययन कराया था और 2018 में यह निष्कर्ष दिया था कि यूसीसी वांछनीय नहीं है, तब वर्तमान विधि आयोग इस मुद्दे को फिर से खोलने और आगे विचार-विमर्श करने पर जोर दे रहा है। विल्सन ने सवाल किया कि क्या वे 21वें विधि आयोग के परिचर्चा पत्र को कमतर करना चाहते हैं?

### भाजपा सदस्य ने की हिमायत

भाजपा के महेश जेठमलानी ने हालांकि यूसीसी की पुरजोर वकालत की और संविधान सभा में इस विषय पर हुई चर्चा का हवाला दिया। सूत्रों ने बताया कि समिति की बैठक में इस ओर ध्यान दिलाया गया था कि कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में बिना उनकी सहमति के केंद्रीय कानून लागू नहीं होते हैं। बैठक में 31 सदस्यीय समिति के 17 सदस्य मौजूद थे। विधि आयोग के अधिकारियों ने कहा कि 13 जून के बाद से अब तक विचार- विमर्श के दौरान 19 लाख सुझाव प्राप्त हुए हैं। यह कवायद 13 जुलाई तक जारी रहेगी।

## पिंकसिटी में भक्तिभाव से मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व

# गुरु की सेवा में बीता दिन

*बेधड़क, जयपुर। राजधानी जयपुर में गुरु पूर्णिमा पर्व उत्साह से मनाया गया। मंदिरों में जहां बड़े आयोजन हुए तो भक्तों ने गुरुओं की वंदना की। अल सुबह से मंदिरों में भक्तों ने गुरुओं की पूजा-आरती कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। ये सिलसिला देर शाम तक चला। कई स्थानों पर प्रसिद्ध भजन गायकों ने गुरु की महिमा को भजनों से व्यक्त किया तो श्रद्धालु भाव-विभारे हो गए, वहीं भक्तों ने भोजन प्रसादी का आनंद उठाया।*

### भजनों से बही रस धारा

**बेधड़क, जयपुर।** श्रीप्रेमभाया मंडल समिति की ओर से युगल कुटीर में श्रीप्रेमभाया सरकार के गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। श्रीप्रेमभाया सरकार को नवीन पोशाक धारण करा अलौकिक शृंगार किया गया। शाम को भक्ति संगीत में दीपक शर्मा ने रिद्धि-सिद्धि रा भरतार नित की लाडू खावै छै के साथ भक्ति संगीत सुनाया। राघव खंडेलवाल ने सुनो रे सत गुरु का ज्ञान... बनवारी सैनी ने कद आवोला कन्हैया म्हारे द्वार के साथ अन्य भक्तों ने युगल सरकार की भक्ति रचनाओं से भक्ति रस बरसाया।

### काले हनुमान मंदिर में मनाई गुरु पूर्णिमा



**बेधड़क, जयपुर।** चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमान मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव भक्तिभाव से मनाया गया। मंदिर के युवराज योगेश शर्मा ने बताया कि सुबह हनुमान जी महाराज को नवीन पोशाक धारण कराकर पुष्प शृंगार किया गया। विविध व्यंजनों का भोग लगाया। मंदिर महंत गोपाल दास महाराज ने पूजन किया। नए साधकों को गुरु दीक्षा दी गई। हनुमानजी महाराज का अलौकिक श्रृंगार भक्तों को लुभा गया। साईं भजन गायक कलाकारों ने भक्ति रस की धार बहाई। श्रद्धालुओं ने गोपाल दासजी महाराज की पूजा की।

### गलताजी में हुई गुरु महिमा साकार



**बेधड़क, जयपुर।** श्री गलताजी में पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में 3 दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पहले दिन बड़ी संख्या में जयपुराइट्स पहुंचे। युवराज स्वामी राघवेंद्र ने बताया कि सुबह स्वामी अवधेशाचार्य महाराज ने पूजन किया। नए शिष्यों ने स्वामी अवधेशाचार्य से पंच संस्कारित होकर दीक्षा ग्रहण की व पुराने शिष्यों ने स्वामी के चरणों का पूजन किया। इस अवसर पर शिष्यों को कंठी धारण कराई। बुधवार को तीन दिवसीय महोत्सव का संत भंडारे के साथ समापन होगा

### जयगुरुदेव आश्रम में हुआ गुरु पूर्णिमा का आयोजन



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर के ठीकरी स्थित जयगुरुदेव आश्रम में चल रहे गुरु पूर्णिमा के 3 दिवसीय आध्यात्मिक समागम में देश-विदेश से भक्त आए। इस अवसर पर महाराज ने आह्वान किया कि देश के नियमों का पालन करें। देश भक्ति बहुत बड़ी चीज है। देश की संपत्ति आपकी अपनी संपत्ति है तो आंदोलन, तोड़फोड़ कर उसका नुकसान नहीं करें। किसी जाति की, किसी भाषा की, किसी धर्म की बुराई मत करो। उन्होंने कहा कि आप मांस-अंडा डालकर पेट को कब्रिस्तान मत बनाओ। गुरु पूर्णिमा के सत्संग में लोगों को नामदान देते हुए महाराज ने कहा कि आज गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु दक्षिणा में अपनी बुराइयों को यही छोड़ जाओ।

### श्रद्धालुओं ने लिया भजनों का आनंद



**बेधड़क, जयपुर।** गुरु पूर्णिमा पर आर्ट ऑफ लिविंग स्वयं सेवकों की ओर से श्रीश्रीरविशंकर आश्रम प्रताप नगर में कार्यक्रम हुआ। इसकी शुरुआत हैप्पीनेस प्रोग्राम से हुई। साधकों के लिए सुदर्शन क्रिया फॉलोअप सेशन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया। शाम को सामूहिक रुद्र पूजा का आयोजन किया गया। स्वामी विश्वेश्वरा व बैंगलोर आश्रम से आए वैदिक पंडितों द्वारा पूजा संपन्न की। भजन गायक सौरभ शेखावत व टीम ने भजनों से वातावरण को गुरु भक्तिमय कर दिया।

### गुरु के बिना जीवन अधूरा



**बेधड़क, जयपुर।** आर्यिका विशेष मति माताजी का चातुर्मास के लिए मंगल प्रवेश जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में हुआ। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि जयपुर में इस वर्ष केवल जनकपुरी को ही किसी आर्यिका का चातुर्मास कराने का सौभाग्य मिला है। माताजी सुबह श्याम नगर मंदिर से मंगल विहार करके ज्योतिनगर आदिनाथ चैत्यालय पहुंचीं। जहां से गाजे-बाजे व लवाजमे के साथ जुलूस रवाना होकर इमली फाटक, शाह भवन आदि होते हुए मंदिर पहुंचा। जहां 15वें चातुर्मास के अवसर पर पंद्रह मंगल कलश लिए पंद्रह थाल में पाद प्रक्षालन कर महिलाओं ने स्वागत किया।

### योग गुरु कांता का सम्मान



**बेधड़क, जयपुर।** सिविल लाइन योगा क्लब की ओर से पार्क में सोमवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर योग गुरु कांता गुप्ता का नागरिक अभिनंदन और सम्मान किया गया। क्लब सदस्यों ने प्रसादी बांटीं। महिला सदस्यों ने मंगल गीत और भजनों से गुरु को रिझाया। कांता गुप्ता ने कहा कि योग शरीर के लिए जरूरी है। रोजाना योग कर रोगों को दूर किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से ज्यादा से ज्यादा योगा करने का आह्वान किया।

### योग गुरु का किया अभिनंदन



**बेधड़क. जयपुर।** गुरु पूर्णिमा पर मानसरोवर स्थित रोज गार्डन में शिवशक्ति योगा ग्रुप की ओर से योगाचार्य रूप नारायण जेदिया का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जेदिया ने लोगों को योग प्रति जागरुक किया। इस मौके पर एडवोकेट कविता शर्मा, एडवोकेट लीला भंडारी, उषा चतुर्वेदी, अवध बिहारी गुप्ता, सुरेश वर्मा, मोना, सरोज पाठक, हेमलता गुर्जर, अलका जैन, सरोज शर्मा, सोनल भाटिया, ज्योति सिंह राठौड़, मनोज सांखला आदि लोग उपस्थित रहे।

### मंदिर में सजी विशेष झांकी



**बेधड़क. जयपुर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मोती डूंगरी रोड स्थित गंगवाल पार्क में गंगेश्वर महादेव एवं सं·कटहरण हनुमान मंदिर में भोलेनाथजी विशेष झांकी सजाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन ·किए और प्रसादी ग्रहण की। आरती में गंगवाल पार्क नागरिक विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. अनंत शर्मा, सचिव हर्ष भाटी, मंदिर प्रबंध समिति के सचिव गिरिराज सोढ़ानी, झांकी संयोजक एन के माहेश्वरी, निर्मल शर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

### सिख समाज ने किया स्वागत



**बेधड़क, जयपुर।** अजयपाल सिंह को बीजेपी के संगठन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सिख समाज ने खुशी जाहिर की है। इस मौके पर जवाहर नगर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, मानसरोवर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, सिख यूथ विंग के अध्यक्ष देवेंदर सिंह शंटी, खालसा हेल्पिंग हैंड के महासचिव जगजीत सिंह सूरी, गुरु नानकपुरा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान अमरजीत सिंह, राजा पार्क गुरुद्वारे के सदस्य हरविंदर सिंह पप्पू, पूर्व मंडल अध्यक्ष खुशविंदर सिंह, राजा पार्क व्यापार मंडल के अध्यक्ष रवि नैयर, नंदपुरी गुरुद्वारे की प्रबंधक कमेटी, गुरु तेग बहादुर नगर गुरुद्वारे की प्रबंधक कमेटी आदि के लोग मौजूद थे।

### यंग अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित



**बेधड़क, जयपुर।** डॉक्टर दिवस के अवसर पर मेडिकल प्रैक्टिशनर्स सोसायटी ने डॉक्टरों के माता-पिता, एमपीएस सोसायटी के वरिष्ठ सदस्यों को सम्मानित किया और युवा डॉक्टरों को यंग अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सोसायटी की सचिव डॉ. माया बागरी ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगराथट्टा थे। जबकि अध्यक्षता डॉ. संजीव गुप्ता ने की। सोसायटी के आयोजकों ने बताया कि लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड डॉ. आरके जाजू और डॉ. मालती गुप्ता को दिया गया।

## City इवेंट्स

### पैरा शूटिंग वर्ल्ड कप का हिस्सा लेंगी मोना



**बेधड़क, जयपुर।** क्रोएशिया के ओसिजेक शहर में 4 जुलाई को होने वाले वर्ल्ड पैरा शूटिंग वर्ल्ड कप में पैरा शूटर मोना अग्रवाल भारतीय दल का हिस्सा बन 10 मीटर राइफल स्टेंडिंग इवेंट आर-2 वर्ग व 10 मीटर राइफल प्रॉन इवेंट की आर-3 वर्ग में हिस्सा लेंगी। एकलव्य स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी के निर्देशक महिपाल सिंह ने बताया कि 4 से 13 जुलाई तक यह आयोजन होगा। मोना लगातार सीनियर कोच योगेश शेखावत व असिस्टेंट कोच प्रथम भारद्वाज के निर्देशन में तैयारी कर रही है। योगेश ने बताया कि मोना ने नेशनल चैंपियनशिप में लगातार पिछले 2 सालों से काफी मेडल जीते हैं। यह उनका पहला इंटरनेशनल टूर्नामेंट होगा। उनकी कड़ी मेहनत उन्हें इस मुकाम तक लाई है।

### मेडल-ट्रॉफी मिले तो खिल उठे चेहेरे



**बेधड़क, जयपुर।** बच्चों को जब मेडल और ट्रॉफी मिली तो वे रोमांचित हो उठे। मौका था मालवीय नगर स्थित एजुकेशन पॉइंट में निबंध लेखन प्रतियोगिता के आयोजन का, जिसमें कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें विजेता रहे बच्चों का मालवीय नगर थाना एसएचओ हरिसिंह दूध वाल ने मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इसमें 22-23 में कक्षा 10 व 12 में 90% से अंक लाने वाले बच्चों का भी सम्मान किया गया।

### किड्स मॉडल्स की फोटो शूट



**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान के हेरिटेज कल्चर और किड्स फैशन को प्रमोट किया जाएगा। इसके लिए जूनियर मॉडल्स तैयारी कर रहे हैं। इंडिया किड्स फैशन वॉक सीजन-6 के फाइनलिस्ट मॉडल्स का फोटो शूट अजमेर रोड स्थित द पैलेस में आयोजित किया गया। पिंक कांसेप्ट्स व वैश्वी मल्टीवेंचर्स की ओर से 16 जुलाई को होने वाले किड्स रनवे शो के फोटो शूट में 50 बच्चों की अदाओं को कैमरे में कैद किया। वहीं बच्चों ने स्विमिंग पूल में अटखेलियां करते हुए पार्टी एंजॉय की। इस मौके पर सोशलिस्ट डॉ. अल्का गौड़ व फैशन डिजाइनर हिना बेलानी व सुष्मिता सैनी मौजूद रहे। म्यूजिक, फैशन और एंटरटेनमेंट का मिक्स फ्यूजन करते हुए ग्रांड किड्स फैशन शो होगा, जिसमें डिजाइनर ड्रेसेज में सजे-धजे करीब 100 किड्स की 4 सीक्वेंस में रनवे वॉक होगी। इसके अलावा मॉडल्स की मॉम-डैड के साथ स्पेशल कैटवॉक और चाइल्ड आर्टिस्ट्स की यूनिक परफॉर्मेंस आकर्षण होगी।

## गुरु पूर्णिमा पर आयोजन: मानस स्तुति मंजरी का भी किया फिर प्रकाशन

# गुरु की महिमा का बखान

- ग्रुप फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा का सपत्नी हुआ सम्मान
- सामाजिक उत्थान के लिए सबसे ज्यादा जरूरी पत्रकारिता: शर्मा



**बेधड़क | जयपुर**

गुरु पूर्णिमा मौके पर श्री गुरु कृपा मंडल की ओर से सांगानेर के सम्राट नगर स्थित होटल सिद्धार्थ में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पंडित महेश दत्त शर्मा 'गुरुजी' के सम्मान में शिष्यों की ओर से विशेष आयोजन किया गया।

इस आयोजन में सच बेधड़क के ग्रुप फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा भी अपनी पत्नी सृष्टि जैन के साथ पहुंचे और सपत्नीक गुरुजी से आशीर्वाद लिया। आयोजन समिति की ओर से विनायक शर्मा और सृष्टि जैन का सम्मान भी किया गया।

समारोह में भजन कीर्तन के साथ ही पंडित महेश दत्त शर्मा ने श्री रामचरित मानस से जुड़े कई संस्मरण शिष्यों के साथ साझा किए और मानस की महत्ता बताई। इस मौके पर मानस स्तुति मंजरी का भी पुनः प्रकाशन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भक्तों ने प्रसादी भी पाई।

### श्री जगन्नाथ ज्योतिष व गो सेवा समिति ने किया आयोजन



श्री जगन्नाथ ज्योतिष एवं गो सेवा समिति की तरफ से हुए गुरु पूर्णिमा उत्सव में भी विनायक शर्मा शामिल हुए। ग्रुप फाउंडर और एडिटर विनायक शर्मा को बेहतर सामाजिक कार्य करने के लिए स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर गुरुदेव आचार्य विवेक शास्त्री के गुरु वचन और आशीर्वाद के लिए राजस्थानी जयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से कई लोग एकत्र हुए। कार्यक्रम में विनायक शर्मा के साथ उनके छोटे भाई सच बेधड़क के वाइस प्रेसिडेंट कार्तिक शर्मा भी पहुंचे। कार्यक्रम में गुरुदेव आचार्य विवेक शास्त्री ने फाउंडर विनायक शर्मा द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। इस मौके पर विनायक शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता सामाजिक उत्थान के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है।

**वर्कशॉप** | रवींद्र मंच पर वी इंडिविजुअल प्ले नाटक में हुए कई प्रयोग

# कलाकारों ने उधेड़ी मनुष्य के अनुभवों की गहराइयां

**बेधड़क | जयपुर**

महीने भर तक वर्कशॉप में टिप्स लेने के बाद गुरु का सिखाया जब मंच पर उतरा तो शिक्षक भी उत्साहित नजर आए।

मौका था रवींद्र मंच पर खेले गए वी इंडिविजुअल प्ले का, जो मनुष्य के अनुभवों की गहराइयों को उधेड़ता है और व्यक्तित्व की समस्याओं अकेलापन, असुरक्षा, पलायनवाद, लैंगिक असमानता और दमन पर प्रकाश डालता है। नाटक एक प्रयोग के तहत तैयार किया गया है, जिसमें हर पहलु प्रतिभागियों ने अपने निजी अनुभवों को अलग-अलग भावनाओं, प्रेरक, विचारग्राही और कथात्मक तकनीक का इस्तेमाल किया। कलाकारों ने नाटक में आवाज की प्रतिध्वनि, जगह की विशालता, पुरातन की अद्भुतता और कई साहसिक कला रचनाओं का समावेश कर उसे मंच पर उतारा।



### अभिनेताओं के जीवंत अनुभवों का मिश्रण

प्ले के डायरेक्टर गगन श्रीवास्तव के अनुसार एंथन चेकोव के नाटक मेरी प्रेरणा रहा, जहां हर पात्र अपने जीवन से असंतुष्ट है। नाटक दृश्यात्मक कहानी के रूप में पिरोए गए अभिनेताओं के जीवंत अनुभवों का मिश्रण है, जो दर्शकों के लिए एक संवेदी अनुभव बनाता है। श्रीवास्तव ने पूरे भारत में 400 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया है, जो अब थिएटर और फिल्म उद्योग में पेशेवर रूप से काम कर रहे हैं। वह भोपाल स्थित अर्थ थिएटर ग्रुप के संस्थापक और एमपी स्कूल ऑफ ड्रामा में अभिनय के विजिटिंग फैकल्टी हैं।

### नाटक में उन्होंने किया अभिनय

मोहित थडानी, जागृति, सुनैना, जितेंद्र, कुलेंद्र, मोहित कुमावत, यश पुरोहित, सिमरन, योगेश सोनी आदि ने दमदार एक्टिंग से नाटक को जीवंत किया। वहीं लाइट व्यवस्था गगन त्रिवेदी एंड टीम की रही तो साउंड यश का रहा।





जो परिस्थितियां कमजोर मन के लिए समस्या हैं,
वही परिस्थितियां मजबूत मन के लिए अवसर हैं।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड ग्रुप एडिटर, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## रहस्यों से उठेगा पर्दा: ब्रह्मांड के सबसे गहरे रहस्य जानने के लिए दूरबीन लॉन्च




*केप कैनावेरल। अंधेरे ब्रह्मांड के रूप में माने जाने वाले रहस्यमय और अदृश्य क्षेत्र का पता लगाने के लिए एक यूरोपीय अंतरिक्ष दूरबीन रवाना हो गई है। स्पेसएक्स ने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी की यूक्लिड वेधशाला को अपने अंतिम गंतव्य 1 मिलियन मील (1.5 मिलियन किलोमीटर) दूर, वेब स्पेस टेलिस्कोप के पास में लॉन्च किया। वहां पहुंचने में एक महीना लगेगा और इस दूरबीन को अपना महत्वाकांक्षी छह-वर्षीय सर्वेक्षण शुरू करने से पहले सेट होने में अभी दो महीने लगेंगे।* -पीटीआई

## बांग्लादेशी मौलाना का दुस्साहसभरा बयान...

# स्वीडन पर मुसलमान करेंगे कब्जा

**एजेंसी** | स्टॉकहोम

स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम की एक मस्जिद के सामने पवित्र कुरान जलाने का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। इस घटना के बाद इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) आगबबूला है। वहीं बांग्लादेश के एक मौलाना का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह स्वीडन को एक इस्लामिक देश बनाने और कुरान जलाने वालों को मारने की बात कह रहे हैं। लगातार बढ़ रहे दबाव के बाद अब स्वीडन ने भी इसे इस्लामोफोबिया से जुड़ी घटना बताया है। स्वीडन ने कहा है कि कुरान जलाने की घटना स्वीडिश सरकार का स्टैंड नहीं है। ओआईसी ने इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कड़ा कदम उठाने को कहा था।

स्वीडन की घटना पर बांग्लादेश के तहरीक-ए खतमे-नबुवत संगठन के अध्यक्ष डॉ. अनायेतुल्लाह अब्बासी ने धमकी भरा बयान दिया है। इस बयान में वे स्वीडन को इस्लामिक राष्ट्र बनाने की बात कहते हैं।



### बांग्ला भाषा में यह बोले मौलवी

वीडियो बांग्ला भाषा में है, लेकिन अनुवाद के मुताबिक अब्बासी ने कहा, 'एक दिन ऐसा आएगा जब कुरान और इस्लाम को मानने वाले स्वीडन की जमीन पर कब्जा कर लेंगे। बकरीद के मौके पर स्वीडन में पवित्र कुरान जलाने की घटना से मुस्लिम देश आगबबूला हैं। 57 देशों के संगठन OIC ने स्वीडन से कहा था कि कुरान जलाने की घटना न हो इसके लिए कड़े कानून बनाए जाएं। ईरान ने इस घटना के बाद स्वीडन में अपना राजदूत तैनात करने से मना कर दिया। भारत में भी इस घटना के बाद प्रदर्शन किया।

### मुस्लिम देश छोड़ दें UN का साथ

तहरीक-ए खतमे-नबुवत संगठन के अध्यक्ष डॉ. अनायेतुल्लाह अब्बासी ने भीड़ को संबोधित करते हुए यूएन को भी निशाने पर लिया। इसमें उन्होंने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र इस मामले में अपने प्रतिनिधि को तलब क्यों नहीं करता। हमारे 57 मुस्लिम देशों को इस क्रिश्चियन क्लब (यूएन) का बहिष्कार करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र के जरिए कभी भी मानवाधिकार लागू नहीं हो सकता।' उन्होंने साफ शब्दों में धमकी देते हुए कहा, 'डेनमार्क में पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ लिखने वाले अखबार के एडिटर की हत्या की गई थी। अगर स्वीडिश सरकार जरूरी कदम नहीं उठाती तो चरमपंथी इनका भी फैसला करेंगे।'

## फिलिस्तीन पर आधी रात इजराइल की एयरस्ट्राइक

# सुबह 10 हमले, 7 की मौत

**एजेंसी** | यरुशलम

इजराइली सेना ने रविवार रात और सोमवार सुबह वेस्ट बैंक में उग्रवादियों के गढ़ में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले किए और इलाके में सैकड़ों सैनिकों को तैनात किया। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार इन हमलों में कम से कम सात फिलस्तीनी मारे गए। ये ड्रोन हमले दो दशक पूर्व दूसरे फलस्तीनी विद्रोह के दौरान बड़े पैमाने पर किए गए सैन्य हमलों की याद दिलाते हैं।।

स्थानीय निवासियों ने कहा कि इज़राइल ने सोमवार तड़के जेनिन में कम से कम 10 हवाई हमले किए हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, हमले के बाद इजराइली बख्तरबंद वाहनों का एक काफिला भी हमले वाली जगहों से गुजरते देखा गया है। इन हमलों के बाद शरणार्थी शिविर की इमारतों के मलबे से धुआं निकलने लगा।



### आतंकी मुख्यालय पर किया गया यह हमला

आईडीएफ ने कहा कि इजरायली सुरक्षा बलों ने जेनिन में स्थानीय आतंकियों द्वारा इजराइल के खिलाफ आतंकी हमलों की योजना बनाने के लिए इस्तेमाल किए गए मुख्यालय पर हमला किया। मुख्यालय में हथियारों और विस्फोटकों के भंडारण के लिए एक गोदाम भी है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायली अभियान की शुरुआत से पहले जेनिन पर हमले के दौरान एक व्यक्ति मारा गया और एक अन्य स्थानीय निवासी घायल हो गया।

इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने रविवार और सोमवार की मध्य रात को कहा था कि वे 'आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर हमला कर रहे थे।' फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बाद में रात में कहा कि इजराइल के अभियान के दौरान क्षेत्र में दो लोगों की मौत हो गई थी।

### रामल्ला में हुआ रात भर विरोध प्रदर्शन

फिलिस्तीनी मंत्रालय ने सोमवार सुबह कहा, 'जेनिन शहर में चार और फिलिस्तीनियों की मौत हो गई, रामल्ला शहर में एक की मौत हो गई और 10 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर है।' जेनिन में इजराइल के अभियान के खिलाफ रामल्ला में रात भर विरोध प्रदर्शन किया गया। मंत्रालय ने कहा कि एक और 21 वर्षीय मोहम्मद हसनैन को सोमवार रात रामल्लाह शहर के उत्तरी प्रवेश द्वार पर इजराइली सेना ने मार डाला। मंत्रालय ने अभी तक जेनिन में मारे गए चार लोगों की पहचान नहीं की है।

## फ्रांस में किशोर की हत्या के छह दिन बाद कम होने लगा तनाव...

# रात भर में 157 प्रदर्शनकारियों को पकड़ा

**एजेंसी** | पेरिस

पुलिस द्वारा 17 वर्षीय एक किशोर की गोली मारकर हत्या किए जाने से फ्रांस में फैली अशांति छह दिन बाद सोमवार को कम होती दिख रही है। गृह मंत्रालय के अनुसार रात भर में 157 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले 30 जून को हुई हिंसा के दौरान रात भर में 3880 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। नैनटेरे के उपनगर में पुलिस की गोलीबारी में मारे गए 17 वर्षीय नाहेल की हत्या कर दी गई थी। नाहेल अल्जीरियाई मूल का था। गृह मंत्री गेराल्ड डर्मानिन ने बताया कि 45,000 पुलिस अधिकारियों को पूर्व फ्रेंच कॉलोनियों से जुड़े और कम आय वर्ग वाले इलाकों में रहने वाले लोगों के खिलाफ भेदभाव को लेकर आक्रोश से निपटने के लिए तैनात किया गया है। फ्रांस में रातभर में 297 वाहनों और 34 इमारतों में आगजनी की गई। इससे पहले राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने रविवार रात को विशेष सुरक्षा समीक्षा बैठक कर दिशा-निर्देश दिए।

### नानी ने की शांति की अपील

वहीं नाहेल की नानी नादिया ने फ्रांस के समाचार प्रसारक 'बीएफएम टीवी' को टेलीफोन पर दिए साक्षात्कार में कहा, 'खिड़कियों, बसों... स्कूलों में तोड़फोड़ मत करिए। हम हालात को शांत करना चाहते हैं।'

## इजराइल अमेरिका से खरीदेगा 25 एफ-35 विमान

**यरुशलम।** इजराइल आने वाले दिनों में अमेरिका से 25 एफ-35 विमान खरीदेगा, जिससे उसके 'स्टील्थ' लड़ाकू विमानों के शस्त्रागार में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि होगी। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को घोषणा की कि एफ-35 दुनिया का सबसे आधुनिक लड़ाकू विमान है और पश्चिम एशिया में इजराइल ही ऐसा देश है जिसके पास ये लड़ाकू विमान हैं।

## पाक: आतंकियों ने किया सुरक्षा बलों पर हमला

# एक अधिकारी समेत दो की मौत

**एजेंसी** | पेशावर

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर हमला किया, जिसमें सेना के कर्नल रैंक के एक अधिकारी और एक जवान की मौत हो गई। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा 'आईएसपीआर' ने एक बयान में कहा कि यह मुठभेड़ रविवार को प्रांत के बलोर क्षेत्र में उस वक्त हुई जब सुरक्षा बलों को



एक आतंकी समूह की गतिविधि के बारे में खुफिया जानकारी मिली। बयान में कहा गया है कि इस सूमह के आतंकी होशाब क्षेत्र में आईईडी लगाने के अलावा सुरक्षा बलों और नागरिकों पर गोलीबारी की कई घटनाओं में संलिप्त थे। इसमें कहा गया कि आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में सेना के कर्नल रैंक के एक अधिकारी और एक जवान की मौत हो गई, जबकि एक अन्य जवान घायल हुआ है। हमले की जिम्मेदारी किसी संगठन ने नहीं ली है। हालांकि, तहरीक-ए-तालिबान व छोटे अलगाववादी समूहों को अतीत में ऐसी घटनाओं में शामिल पाया गया है।

## वैज्ञानिकों ने किया खुलासा

# शार्क से बहुत ज्यादा खतरनाक है इंसान

**एजेंसी** | लंदन

अक्सर कहा जाता है कि इंसान जानवरों से भी ज्यादा खतरनाक है। उसे खतरनाक शिकारी के रूप में देखा जाता है। अब वैज्ञानिकों ने एक रिसर्च करके साबित किया है कि इंसान वाकई खतरनाक है। यूके के वैलिंगफोर्ड, ऑक्सफोर्डशायर में स्थित सेंटर फॉर इकोलॉजी एंड हाइड्रोलॉजी में हुई एक स्टडी के बाद वैज्ञानिक इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि इंसान शार्क जैसे जानवरों से भी तीन गुना ज्यादा खतरनाक है। वैज्ञानिकों के मुताबिक इंसान कभी भोजन, कभी दवाई तो कभी पालतू बना कर लगभग जानवरों का शोषण करता है। इससे दुनिया के आधे जानवर गायब होने का खतरा बढ़ा है।



### 39 फीसदी जानवर लुप्त होने की कगार पर

वैज्ञानिकों का कहना कि इंसानों की प्रवृत्ति प्रकृति के साथ-साथ इकोलॉजी के लिए भी गंभीर परिणामों की चेतावनी की तरह है। डॉ. रॉब कुक ने कहा, 'हमें जो कुछ भी रिसर्च में मिला उसने हमें हैरान कर दिया था।' रिसर्चर्स ने करीब 50,000 विभिन्न जंगली स्तनधारियों, पक्षियों, सरीसृपों, उभयचरों और मछलियों के डेटा पर अध्ययन किया था। इनमें से 39 फीसदी ऐसे जानवर हैं जो गायब होने की तरफ हैं।

### शेर व बाघ से भी ज्यादा डेंजरस

इंसान का असर सफेद शार्क, शेर या बाघ जैसे खतरनाक शिकारी जानवरों की तुलना में 300 गुना ज्यादा है। डॉ. रॉब का कहना था कि इंसान एंथ्रोपोसीन में प्रवेश कर रहे हैं। यह वह अवधि जिसके दौरान मानव गतिविधि का जलवायु और पर्यावरण पर प्रमुख प्रभाव बन रहा है। रिसर्च में यह चेतावनी दी गई है कि जंगली जानवरों का ज्यादा प्रयोग बायोडाइवर्सिटी और इकोलॉजी के लिए हानिकारक होगा और इसके गंभीर परिणाम होंगे।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl